नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -15 ◆ अंक: 334 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, शनिवार 30 सितंबर 2023



पेज -4 पर
दुर्गा मंच गणेश समिति द्वारा शुक्रवार को भगवान गणेश को वार्डो ...



राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में महिला व पुरूष पहलवानों का हुआ चयन
पेज -8 पर




## श्री-श्री सिद्ध शक्ति पीठ मां भगवती अंबेटिकरा मंदिर धरमजयगढ़

**शारदीय नवरात्र 2023 (15 अक्टूबर से 24 अक्टूबर 2023 तक)**

मनोकामना ज्योति कलश



651/- रुपये
कन्या छूट - 100/- रूपए

**मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जावलित करने के लिए संपर्क करें :-**

**धरमजयगढ़** -: मामू पान दुकान राजमहल गेट के पास 9977963676, शारदा फैंसी क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9424181141, हरिचरण अग्रवाल नीचेपारा 7415213137,अजय सायकल बस स्टैण्ड 9977082840, आनंद वस्त्रालय बस स्टैण्ड 9977531361, पंजाब आटो बस स्टैण्ड 9424181140, जयेश मेडिकल थाना के पास 982687777, गुड़िया होटल गांधी चौंक 7415559910, गोयल क्लाथ स्टोर बस स्टैण्ड 9303807845, सांई मंगलम बस स्टैण्ड 9406348000, गोल्डी मोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 9981746848,मधुबन इलेक्ट्रीकल-9827442299, जयजयराम तराईमार-9302283427, बंजारी आटोमोबाइल्स ग्राऊंड काम्पलेक्स 975438030, जिन्दल हार्डवेयर 9424181490, आशीर्वाद कलेक्सन पोस्ट ऑफिस के पास 8719994424, जितेन्द्र ठक्कर नीचेपारा 7415556685,आशीष विश्वास 9424181448, शिवहरी शर्मा नीचेपारा 9424181352, विजय शर्मा नीचेपारा 8982636327, माधोराम पटेल (शाहपुर) 881241652, गोविन्द सावा शाहपुर 9300282757, शशि पटेल शाहपुर 8878311918, अशोक मिश्रा (शाहपुर) 8817194216, मनोज अग्रवाल (पत्रकार) 9826148026, ठंडा राम चौधरी वन मंडल 9907393129, जगदीश सरकार 7413213153, वीरेन्द्र शर्मा 8839524189, पवन अग्रवाल गेरसा 8815256691, किशोर बेहरा नवागांव 7987415660, राधेश्याम त्रिपाठी 8817241652, श्याम मेडिकल 8839663600, पुरूषोत्तम अग्रवाल जय स्तंभ चौंक 7999784287, दिकेश्वर राठिया कुदमुरा 8889583311, जयनारायण राठिया सिथरा 6261463670, दिनेश राठिया सरपंच लक्ष्मीपुर 7828085380, जानकी प्रसाद डनसेना जमरगी डी 9753320018, पुरूषोत्तम राठिया अमृतपुर 8305301737, शिवकुमार राठिया बायसी 6267434458, उत्तरा पटेल पुरूंगा 6265998353, किशोर राठिया रूपूंगा 6260994311, सुनिता ध्रुव जेलपारा, **बाकारुमा**-टीमन बारिक 7987884554, **महाराजगंज**- श्री खगेश्वर राठिया 934308162, **पत्थलगांव** -: अनिल अग्रवाल पेट्रोल पंप 9425573959, सुशील हार्डवेयर 9993149510, **रायगढ़** -: पुरूषोत्तम अग्रवाल (संजीवनी हास्पिटल) 9425251365, रविशंकर तिवारी (जिला न्यायालय) 9300974856, **घरघोड़ा** -: गंगाराम पैंकरा (वन विभाग) 9406220044, रितेश शर्मा जय स्तंभ चौक 7898793111, राधेश्याम राठिय छर्राटांगर 7610732424 **कोरबा** -: मनोज मित्तल (वेदांशा इंटरप्राइजेस) 9907511110, **खड़गांव** -: राजेन्द्र अग्रवाल 9826961495, **हाटी** -: गोकुल पान सेन्टर 9988176184, अरुण अग्रवाल (अग्रवाल कम्प्यूटर) 9993849678, रवि पटेल 7999315321 **कुड़ेकेला** -: विजय अग्रवाल (चौधरी) 9981375222, **छाल** -: एम.एस.ठाकुर 9926194495, रामकृष्ण तिवारी 9425537111 **खरसिया** -: नारायण प्रसाद चक्रधारी 9826183759, युगल वैष्ण अधिवक्ता 7000015881, नटवर अग्रवाल **तपकरा**-: प्रिति आटोमोबाइल्स 9424185996, **लैलूंगा**-: कुंजराम पैंकरा 8827771848, कृष अग्रवाल 9301185400,मधुसुदन प्रधान 9754454815, **कुडूमकेला**-: शिव सिंह सीएमपीडीआई 9098165311, **खम्हार**-: पिन्टू अग्रवाल अजय किराना 9098893900, **लुड़ेग**-: प्रेमसागर काडरो 9111469953, प्रेमसागर 930338981 **कोतबा**-: सुखसागर अग्रवाल (एलआईसी) 9424182919 **सीतापुर**:- निरंजन मिश्रा 7000494560, कार्तिक मानिकपुरी 9406022606

**मनोकामना ज्योत का प्रसाद जहां से रसीद प्राप्त किए हैं वहीं से प्राप्त करें।**


## एक नजर

### दर्दनाक सड़क हादसे में छत्तीसगढ़ी कलाकार अनुपम भार्गव की मौत



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ी फिल्म कलाकार अनुपम भार्गव की दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई. वहीं उनकी पत्नी की हालत गंभीर है. जिनका इलाज अस्पताल में जारी है. बताया जा रहा है कि अनुपम भार्गव अपनी पत्नी के साथ कार में बिलासपुर से रायपुर आ रहे थे. इसी दौरान उनकी कार को ट्रेलर ने टक्कर मार दी. एक्टर अनुपम भार्गव की मौत से फिल्मी जगत में शोक की लहर है. जानकारी के अनुसार, एक्टर अनुपम भार्गव अपनी पत्नी के साथ देर रात कार में बिलासपुर से रायपुर जा रहे थे. कार अनुपम चला रहे थे।

# यूनिवर्सल हेल्थ केयर की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है छत्तीसगढ़ - टी.एस. सिंहदेव

## उप मुख्यमंत्री ने की स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा

रायपुर। उप मुख्यमंत्री तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री टी.एस. सिंहदेव ने आज स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की।




उन्होंने रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित बैठक में स्वास्थ्य विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, स्टेट नोडल एजेंसी एवं सीजीएमएससी के वरिष्ठ अधिकारियों तथा सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन, जिला कार्यक्रम प्रबंधक एवं संभागीय संयुक्त संचालकों के साथ स्वास्थ्य सेवाओं और विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। स्वास्थ्य विभाग की अपर मुख्य सचिव श्रीमती रेणु जी. पिल्लै, सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेशी,स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक श्री जयप्रकाश मौर्य और राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संचालक श्री भोसकर विलास संदिपान भी बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने बैठक में कहा कि छत्तीसगढ़ यूनिवर्सल हेल्थ केयर की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। यहां के हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स, हमर लैब और हमर क्लिनिक अच्छा काम कर रहे हैं। इनसे लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना जैसी योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से लोगों को नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श, जांच, उपचार और दवाईयां मिल रही हैं। श्री सिंहदेव ने कहा कि प्रदेशवासियों को अच्छी चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग का बज़ट लगातार बढ़ाया जा रहा है। आयुष्मान योजना में राज्य शासन का हिस्सा 80 प्रतिशत के करीब पहुंच रहा है। चालू वित्तीय वर्ष के शुरूआती छह महीनों (अप्रैल से सितम्बर) में ही प्रदेशवासियों को 900 करोड़ रुपए का नि:शुल्क इलाज उपलब्ध कराया जा चुका है।

उप मुख्यमंत्री श्री सिंहदेव ने बैठक में कहा कि शासकीय अस्पतालों पर लोगों का भरोसा और मरीजों की संख्या बढ़ रही है। पिछले पांच वर्षों में प्रदेश ने मातृ मृत्यु दर और शिशु मृत्यु दर में अच्छी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अमले की सराहना करते हुए कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के कठिन हालातों के बीच भी विभाग ने लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की हैं। स्वास्थ्य अमले ने सुनियोजित और त्वरित कार्य कर कोरोना का प्रभावी नियंत्रण, प्रबंधन और रोकथाम किया।

श्री सिंहदेव ने बैठक में अस्पतालों के लिए अलग-अलग मदों से खरीदे जाने वाले मेडिकल उपकरणों की खरीदी को युक्तियुक्तपूर्ण बनाने को कहा, ताकि शासकीय अस्पतालों के बीच जरूरी उपकरणों और मशीनों का वितरण समुचित ढंग से हो सके।

# मुख्यमंत्री ने गणपति जी की सपरिवार पूजा अर्चना की


प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की



**रायपुर।** भिलाई 3 स्थित आवास में मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने गणपति जी की सपरिवार पूजा अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि की कामना की।

### गणेश विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा

## सहायक सचिव की नाले में डूबने से मौत



**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया. विसर्जन करते समय नाले में डूबने से पंचायत सहायक सचिव की मौत हो गई है. यह मामला गीदम थाना क्षेत्र का है. जानकारी के अनुसार, गणेश विसर्जन के लिए गए बड़े तुमनार के रहने वाले नारायण कुंजाम की नाले में डूबने से मौत हो गई. वह पंचायत के सहायक सचिव पद पर पदस्थ था. यह हादसा गुरुवार देर शाम को हुआ. घटनास्थल पर रात में गोताखोरों की टीम नहीं पहुंच सकी. जिसके बाद आज सुबह गांव के लोगों ने खोजा तो नाले में डूबे युवक का शव मिला. गीदम पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है।

# प्रधानमंत्री की अगवानी करेंगे संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत





**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज 30 सितंबर को छत्तीसगढ़ प्रवास हो रहा है। वे विशेष विमान से राजधानी रायपुर पहुंचेंगे और यहां से बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम के लिए रवाना होंगे। राज्य सरकार की ओर से संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत स्वामी विवेकानंद विमानतल पर उनकी अगवानी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार 30 सितम्बर को दिल्ली से रवाना होकर दोपहर 1.30 बजे रायपुर विमानतल पहुचेंगे और यहां से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे और वहां आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद बिलासपुर से विमान द्वारा प्रधानमंत्री श्री मोदी शाम 4.50 बजे स्वामी विवेकानंद विमानतल पहुंचेंगे और यहां से नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

# क्लस्टर विकास के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों हेतु गठित हाई पावर कमेटी की बैठक सम्पन्न

**रायपुर।** मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के क्लस्टर विकास निधि और राष्ट्रीय आवास बैंक की शहरी अधोसंरचना विकास निधि के अंतर्गत राज्य शासन के विभिन्न विभागों के अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं के स्वीकृत एवं प्रस्तावित कार्यों हेतु गठित हाई पावर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में योजनांतर्गत विभिन्न कार्यों के प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में वित्त विभाग के सचिव श्री अंकित आनंद भी मौजूद थे। बैठक में भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक और राष्ट्रीय आवास बैंक के द्वारा स्वीकृत विभिन्न कार्यों के प्रस्तावों के संबंध में अधिकारियों द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि तकनीकी शिक्षा एवं जन शक्ति नियोजन विभाग के अंतर्गत 122 आईटीआई के उन्नयन हेतु मशीन औजार एवं उपकरण हेतु प्रस्ताव सिडबी को प्रेषित किए गए है। इसी तरह से राज्य के विभिन्न




रीपा के अंतर्गत विभिन्न कार्यों के करीब 75 कार्यों हेतु प्रस्ताव भेजने की विस्तृत जानकारी अधिकारियों ने दी। अधिकारियों ने बताया कि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत 18 नगरीय निकायों के अधोसंरचना विकास के कार्यों की स्वीकृति हेतु राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा पात्र घोषित किया गया है।

झोलाछाप डॉक्टर की भेंट चढ़ी महिला

# इलाज कराने पहुंची और इंजेक्शन लगाने के बाद हो गई मौत

**जांजगीर चांपा।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर चांपा जिले में एक महिला की मौत झोलाछाप डॉक्टर की लापरवाही के कारण हो गई। जिले के नैला के दर्री पारा में झोलाछाप डॉक्टर से इंजेक्शन लगवाने के बाद महिला तबीयत बिगड़ी और उसकी मौत हो गई। मृतक महलिा की पहचान किरन ताम्रकार के रूप में हुई है। महिला की मौत के बाद परिजनों ने झोलाछाप डॉक्टर पर लापरवाही का आरोप लगाया है और कार्रवाई की मांग की गई है। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद झोलाछाप डॉक्टर फरार है।



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम कन्हाईबंद के रहने वाले राकेश ताम्रकार पत्नी किरन ताम्रकार के साथ गुरुवार की शाम करीबन चार बजे नैला रेलवे स्टेशन पर बने गणेश की मूर्ति देखने आए हुए थे। गणेश भगवान के दर्शन कर अपने घर जा रहे थे तभी किरन ने अपने पति को बुखार होने की जानकारी दी। जिसके बाद वे दोनो नैला के दर्री पारा में झोलाछाप डॉक्टर सुनील प्रधान के क्लीनिक गए और इंजेक्शन लगवा लिया। इंजेक्शन लगाने के बाद किरन की तबीयत खराब होने लगी तभी उसे उपचार के लिए जि ला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

# उप मुख्यमंत्री ने महतारी एक्सप्रेस सेवा के लिए नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायपुर।** उप मुख्यमंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने आज महतारी एक्सप्रेस सेवाओं के लिए नई एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के पहले 50 एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर उनके गंतव्य के लिए रवाना किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग के अनेक वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेशभर में आज महतारी एक्सप्रेस सेवा के लिए विभिन्न जिलों में 200 नई एंबुलेंस भेजी गई हैं। इस सेवा के तहत वर्तमान में चल रहे पुराने एंबुलेंस के बदले सभी जिलों




में नई एंबुलेंस उपलब्ध कराई जा रही है। महतारी एक्सप्रेस एम्बुलेंस सेवा के जरिए गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए घर से अस्पताल और प्रसव के बाद अस्पताल से घर तक आने-जाने के लिए नि:शुल्क सेवा प्रदान की जाती है। साथ ही एक वर्ष तक की उम्र वाले शिशुओं के लिए भी यह सेवा उपलब्ध है। टोल-फ्री नम्बर 102 पर फोन लगाकर ये सेवाएं ली जा सकती हैं।

**लोकार्पण...** *परिवहन मंत्री ने नवनिर्मित जिला परिवहन कार्यालय भवन का किया लोकार्पण*

# वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट और लाइसेंस जारी की प्रक्रिया को बनाया पारदर्शी- मंत्री अकबर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने आज बेमेतरा जिले के नवनिर्मित ज़िला परिवहन कार्यालय भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने नया कार्यालय भवन मिलने पर अधिकारियों और जिले वासियों को बधाई दी। लोकार्पण के अवसर पर विधायक श्री आशीष छाबड़ा, कलेक्टर श्री पी.एस.एल्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पंकज पटेल सहित जनप्रतिनिधि



व अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट एवं लाइसेंस जारी करने की प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाया गया है। ताकि लोगों को अधिक बेहतर सुविधा मिले। उन्होंने आवश्यकतानुसार ड्राइविंग टेस्ट और प्राइवेट फिटनेस सेंटर्स की संख्या बढ़ाने पर भी बल दिया। मंत्री श्री अकबर ने इस मौके पर परिवहन विभाग द्वारा संचालित की जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी साझा की।

उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग नवाचारी पहल से नागरिक सुविधाएं बढ़ी है और इससे लोग आसानी से अपना काम करा पा रहें है। इस दौरान मंत्री श्री मोहम्मद अकबर ने कार्यालय भवन के विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया और परिसन की व्यवस्था व साफ़-सफ़ाई बनाएं रखने की बात कही। उन्होंने अधिकारियों को परिसर में छायादार-फलदार पौधों का रोपण करने को कहा। सर्वसुविधायुक्त है नया परिवहन कार्यालय - ज़िला परिवहन अधिकारी श्री अरविंद भगत ने बताया कि कार्यालय भवन कुल 3.8 एकड़ क्षेत्र में फैला है और जिसे 1.76 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया है।

# मुद्दाः बर्बादी रुके तो भुखमरी घटे, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण को भी प्रभावित कर रहा है खाद्य नुकसान

दुनिया में हर वर्ष औसतन प्रति व्यक्ति 74 किलोग्राम खाना व्यर्थ हो जाता है, जो औसत व्यक्ति के कुल वजन से भी अधिक है। पिछले वर्ष दुनिया में लगभग 78 करोड़ लोग भूख के शिकार हुए। एक व्यक्ति के दो वक्त के भोजन के आधार पर, जो लगभग 600 ग्राम होता है, गणना करें, तो यह लगभग 200 किलोग्राम प्रतिवर्ष होता है।

यानी भोजन की बर्बादी रोकी जाए, तो भूख से पीड़ित अधिसंख्य लोगों को भोजन सुलभ हो जाएगा। खाद्य नुकसान एवं बर्बादी से जहां भुखमरी की विकट सामाजिक समस्या जुड़ी है, वहीं पर्यावरण एवं अर्थव्यवस्था पर भी इसके दूरगामी दुष्प्रभाव होते हैं। इसे देखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र ने 29 सितंबर को खाद्य नुकसान एवं बर्बादी जागृति हेतु अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाने का निर्णय किया। समूचे विश्व ने आठ वर्ष पूर्व सतत विकास लक्ष्य पर अपनी सहमति व प्रतिबद्धता प्रकट करते हुए विकास के लक्ष्य तय किए थे। उनमें भोजन की बर्बादी को आधा करने का संकल्प भी लिया गया था। हर वर्ष पूरी दुनिया में लगभग 1,100 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन होता है, किंतु उसमें से करीब 30 प्रतिशत बर्बाद हो जाता है। परिणामस्वरूप जहां आमजन को महंगाई का सामना करना पड़ता है, वहीं पर्यावरण भी गंभीर रूप से प्रभावित होता है। अनुमान के अनुसार, खाद्य हानि एवं बर्बादी मानव जनित कुल प्रदूषण के एक तिहाई हिस्से के लिए जिम्मेदार है, जिसे रोका जा सकता है। प्रत्येक व्यक्ति भोजन व्यर्थ न करने के संकल्प के साथ इस यज्ञ में आहुति दे सकता है। भारत समेत अनेक देशों ने अतिरिक्त भोजन संग्रहण, संकलन कर पुनर्वितरण संबंधी नवाचार किए हैं, किंतु इन्हें सीमित सफलता मिली है।

खाद्य बर्बादी पर अंकुश लगाने हेतु फ्रांस, इटली समेत अनेक देशों द्वारा विगत वर्षों में कानून के जरिये की गई पहल का अनुसरण करने की भी जरूरत है। भारत में भी अतिथि नियंत्रण कानून लागू किए गए थे, किंतु कालांतर में ये सभी प्रचलित दिखावे और फूहड़पन की चकाचौंध के रहते नेपथ्य में चले गए। मानवीय संवेदनाओं में भी सामर्थ्यवानों की



दृष्टि में भोजन की बर्बादी चिंता का विषय नहीं है।

ऐसे में, एक व्यापक आंदोलन या सामाजिक बहिष्कार जैसे निर्णयों से संभवतया अनावश्यक भोजन बर्बादी को रोक भुखमरी पर काबू पाया जा सकता है। अतिरिक्त खाद्यान्न नुकसान को भी उचित नीति, आधारभूत संरचना और सामुदायिक पहल द्वारा बहुत हद तक रोका जा सकता है। विक्रय स्थल तक पहुंचने से पूर्व होने वाले खाद्यान्न नुकसान का एक तिहाई हिस्सा फल व सब्जियां हैं, जो पोषक तत्वों से भरपूर हैं, लेकिन आधी से अधिक आबादी की पहुंच से दूर हैं।

वैश्विक स्तर पर विभिन्न शहरों में फूड बैंक स्थापित कर खाद्यान्न व भोजन की बर्बादी को रोकने के ठोस उपाय किए जा रहे हैं। ग्लोबल फूड बैंकिंग नेटवर्क से जुड़े बैंकुवर फूड बैंक के अध्ययन से प्राप्त जानकारी के अनुसार, उस क्षेत्र के किसान रीफीड जैसी संस्था के माध्यम से खराब होने जा रहे समस्त उत्पाद फूड बैंक को दान कर देते हैं, ताकि उनका सदुपयोग असहाय लोग कर सकें। भारत में भी इस उद्देश्य के साथ इंडिया फूड बैंकिंग नेटवर्क की स्थापना की गई थी, जिसने हाल ही में दिल्ली की आजादपुर मंडी में प्रायोगिक तौर पर संग्रहण का प्रकल्प प्रारंभ किया है। इसी तरह अन्नक्षेत्र नामक संस्था शादी समारोह में बचे भोजन को श्रमिक जनों तक पहुंचाती है, और यह अभियान देश के अनेकानेक शहरों तक पहुंच गया है।

**भोजन और खाद्यान्न की बर्बादी से भुखमरी की समस्या तो पैदा होती ही है, अर्थव्यवस्था एवं पर्यावरण पर भी इसका भीषण असर पड़ता है**

खाद्यान्न एवं भोजन की बर्बादी इनके उत्पादन में इस्तेमाल किए गए पानी एवं ऊर्जा की भी व्यापक बर्बादी है। आश्चर्यजनक रूप से जल संरक्षण के किसी भी अभियान में खाद्यान्न या भोजन की बर्बादी से हो रहे वृहत क्षरण पर मंथन नहीं होता। खाद्य की बर्बादी से पर्यावरण भी प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से आहत होता है।

वैश्विक मीथेन आकलन के अनुसार, खाद्यान्न एवं भोजन की बर्बादी पर अंकुश के जरिये इस दशक में कार्बन उत्सर्जन को 45 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। भोजन एवं खाद्यान्न की बर्बादी अभिशाप का रूप ले, विकास के विभिन्न आयामों को दुष्प्रभावित करे, उससे पूर्व आमजन को संकल्पित होना होगा।

विवेक एस अग्रवाल

## संपादकीय

### पंकजा मुंडे अब क्या करेंगी?

भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता रहे गोपीनाथ मुंडे की बेटी पंकजा मुंडे का भाजपा में अलगाव बढ़ता जा रहा है। वे पिछले काफी समय से पार्टी में अलग थलग हैं और उनकी राजनीति को लेकर पार्टी सहमत नहीं है। सक्रिय राजनीति में उनकी शुरुआत विधायक और मंत्री बनने के साथ हुई थी। लेकिन 2019 में विधानसभा का चुनाव हारने के बाद से ही पार्टी में उनको किनारे किया जाने लगा। वे चाहती थीं कि पार्टी उनको विधान परिषद में भेजे लेकिन वह भी नहीं हुआ। उनको पार्टी की केंद्रीय टीम में जिम्मेदारी मिली है लेकिन वे उस जिम्मेदारी से ज्यादा अपने क्षेत्र में और महाराष्ट्र में काम करने की इच्छुक हैं। तभी उन्होंने महाराष्ट्र में शिव शक्ति यात्रा निकालने का ऐलान किया। हालांकि उनकी इस यात्रा को पार्टी के नेताओं ने एक तरह से अनुशासनहीनता माना। बताया जा रहा है कि उनको यात्रा निकालने से रोकने की कोशिश भी हुई लेकिन वे तैयार नहीं हुईं। उसके बाद ही उनके परिवार के स्वामित्व वाली सहकारी बैद्यनाथ सुगर फैक्टरी पर जीएसटी का छापा पड़ गया। जीएसटी की केंद्रीय टीम ने उनकी कंपनी के ऊपर 19 करोड़ रुपए का बकाया बताया है। बताया जा रहा है कि छापा मारने के बाद जीएसटी की टीम ने वहां मौजूद करीब 19 करोड़ रुपए का सामान जब्त कर लिया। तभी अब सवाल है कि पंकजा मुंडे अब क्या करेंगी? उनकी एक दिक्कत यह भी है कि भाजपा ने एनसीपी के अजित पवार खेमे को अपने साथ मिला लिया है और उनको हराने वाले धनंजय मुंडे उसी खेमे में हैं। वे राज्य की शिव सेना, भाजपा, एनसीपी सरकार में मंत्री भी बन गए हैं।

# एसबीआई ने परिवारों की बचत के बारे में जो रिपोर्ट दी है उसे समझे बिना टिप्पणी करना गलत है

भारतीय परिवारों द्वारा गृह निर्माण एवं वाहन खरीदने पर अधिक खर्च करने के चलते एवं कम ब्याज दरों के कारण वित्तीय बचतें प्रभावित हुई हैं हालांकि इससे परिवारों की भौतिक आस्तियों में जरूर बहुत अच्छी वृद्धि दर अर्जित की गई है। इससे अर्थव्यवस्था को गति ही मिली है।

किसी भी देश के लिए शुद्ध वित्तीय बचत की दर अधिक होना अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा मापदंड माना जाता है क्योंकि वित्तीय बचत की राशि अंततः पूंजी निर्माण करते हुए देश के आर्थिक विकास को गति देने में मुख्य भूमिका निभाती है। बचत दरअसल दो प्रकार की होती है, एक, वित्तीय बचत एवं द्वितीय, भौतिक आस्तियों के रूप में की गई बचत। भारतीय स्टेट बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग द्वारा जारी एक प्रतिवेदन में बताया गया है कि भारत के परिवारों में हाल ही के समय में वित्तीय बचत की दर कुछ कम होकर परिवारों द्वारा भौतिक आस्तियों के रूप में की गई बचत में अतुलनीय वृद्धि दृष्टिगोचर हुई है। भारत में परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत जो केंद्र एवं राज्य सरकारों एवं गैर वित्तीय संस्थानों के लिए आय का मुख्य साधन है, वित्तीय वर्ष 2022-23 में गिरकर सकल घरेलू उत्पाद का 5.1 प्रतिशत रह गई है। यह बचत दर वित्तीय वर्ष 2020-21 में 11.5 प्रतिशत एवं कोरोना महामारी खंडकाल के पूर्व वित्तीय वर्ष 2019-20 में 7.6 प्रतिशत थी। ऐसा कहा जा रहा है कि




परिवारों की शुद्ध वित्तीय बचत दर पिछले 50 वर्षों के खंडकाल में सबसे कम दर है। परंतु, यह तथ्य सही नहीं है, क्योंकि परिवारों की बचत दर को वित्तीय बचत एवं भौतिक आस्तियों की रूप में की गई बचत को मिलाकर देखा जाना चाहिए। वित्तीय बचत दर किसी वित्तीय वर्ष में कम इसलिए हो सकती है, क्योंकि परिवारों द्वारा उस वर्ष में भौतिक आस्तियों के रूप में अधिक मात्रा में बचत की गई हो। कोरोना महामारी के चलते एक तो कई परिवारों की आय में कमी दर्ज हुई एवं कई परिवारों को तो बैंकों से ऋण लेकर अपने परिवार की आवश्यकताओं की पूर्ति करनी पड़ी थी। कोरोना महामारी खंडकाल के दौरान वित्तीय वर्ष 2019-20 में भारतीय परिवारों का ऋण, सकल घरेलू उत्पाद का 40.7 प्रतिशत था, जो जून 2023 में घटकर 36.5 प्रतिशत रह गया है। इस प्रकार कोरोना महामारी के बाद के खंडकाल में भारतीय परिवारों द्वारा बैंकों से लिए गए ऋण की किश्तें भी समय पर चुकाई गई हैं जिससे वित्तीय बचत की वृद्धि दर पर विपरीत असर पड़ा है। वैसे भी, भारतीय परिवार बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने में हिचकते हैं। जबकि अन्य देशों के नागरिक बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों से ऋण लेने में बिलकुल नहीं हिचकते हैं जैसे चीन के परिवारों पर सकल घरेलू उत्पाद का 62 प्रतिशत ऋण है। दूसरे, कोरोना महामारी के खंडकाल के दौरान भारत में जमाराशि पर ब्याज की दरें भी बहुत कम थीं जिसके कारण भारतीय परिवार वित्तीय बचत न करते हुए किसी तरह अपने दैनंदिन खर्चों की पूर्ति कर पा रहे थे। साथ ही, कोरोना महामारी के तुरंत बाद के खंडकाल में जब देश में आर्थिक स्थिति तेजी से सुधारने लगी एवं जब बैंकों से प्राप्त की जा रही ऋणराशि पर ब्याज की दर बहुत कम थी तब कई परिवारों द्वारा बैंकों से ऋण प्राप्त कर इस राशि का उपयोग मकान का निर्माण करने पर, बच्चों की शिक्षा पर एवं वाहन खरीदने पर खर्च किया जाने लगा। यह तर्क वित्तीय क्षेत्र के बचत एवं बैंकों के ऋण सम्बंधी आंकड़ों से भी सिद्ध होता है।

**- प्रह्लाद सबनानी**

## मिला जुला

# राजस्थान चुनाव से पहले कांग्रेस को बड़ा झटका, वसुंधरा गुट के इस नेता की बीजेपी में हुई वापसी

**राजस्थान** में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। उससे पहले नेताओं का पाला बदलने का सिलसिला शुरू हो गया है। राजस्थान में कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए लंबे वक्त के बाद वसुंधरा राजे सरकार में मंत्री रहे देवी सिंह भाटी एक बार फिर बीजेपी में लौट आए हैं। उनके साथ कुछ अन्य नेता भी पार्टी में शामिल हुए हैं। सीएलसी कोचिंग निदेशक श्रवण चौधरी, बांदीकुई से बसपा के पूर्व प्रत्याशी भागचंद सैनी और गेटवैल हॉस्पिटल, सीकर के बीएल रणवां भी बीजेपी में फिर से शामिल हुए हैं। प्रदेश



अध्यक्ष सीपी जोशी, राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह, प्रदेश चुनाव प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने इन नेताओं को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई।

### कांग्रेस सरकार पर हमला

इस मौके पर पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अरूण सिंह ने कहा कि राजस्थान में बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करने को लेकर बहुत उत्साह है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार के जंगलराज और कुशासन से आज प्रदेश का हर वर्ग परेशान है। उन्होंने कहा, आज भारतीय जनता पार्टी का परिवार और बढ़ रहा है। लोगों का बीजेपी के प्रति आस्था और विश्वास बढ़ा है।

### पार्टी ने मुझे गले लगा लिया

पूर्व मंत्री देवी सिंह भाटी पांच साल बाद पार्टी में लौटे हैं। इस मौके पर उन्होंने कहा, मैं 5 साल बाद बीजेपी में लौटा हूं। पार्टी ने मुझे गले लगा लिया है। कुछ परिस्थितियों की वजह मैं किसी समय अलग हो गया था। मेरी वरिष्ठ पदाधिकारियों से चर्चा हुई। जो भी गिले-शिकवे थे वे दूर हो गए हैं। मैंने केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से भी बात की है। हम दोनों संतुष्ट हैं। हम मिलकर 2023 में बीजेपी सरकार बनाएंगे।

### मेघवाल के खिलाफ किया था प्रचार

गौरतलब है कि देवी सिंह भाटी 2019 के लोकसभा चुनाव में मेघवाल को बीकानेर से उम्मीदवार बनाए जाने से नाखुश होकर पार्टी छोड़ दी थी। उन्होंने मेघवाल के खिलाफ खुलेआम प्रचार किया था। इस बीच, पिछले कई महीनों से उनकी पार्टी में वापसी की चर्चा चल रही थी और गुरुवार को उनकी वापसी हो गई। भाटी 1980 में कोलायत विधानसभा क्षेत्र से पहली बार विधायक चुने गए थे। तब से लेकर 2008 तक वह लगातार इसी सीट से विधायक चुने गए। 2013 में वह चुनाव हार गए।

## एक नजर

### मासूम के साथ दुराचार करने वाले आरोपी की पैरवी नहीं करेगा कोई वकील, बार एसोसिएशन का निर्णय




उज्जैन पुलिस ने पिछले 72 घंटे में सतना की नाबालिक के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे जल्द ही न्यायालय में पेश किया जाएगा, लेकिन उज्जैन के बाहर संगठन ने एक ऐसा निर्णय लिया है जिसके तहत उज्जैन नागरिक को समाचार करने वाले आरोपी भारत सोनी की पैरवी बार एसोसिएशन का कोई भी वकील नहीं करेगा। बार एसोसिएशन ने मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी की पैरवी करने से मना कर दिया है। बार एसोसिएशन के वकीलों ने निर्णय लिया है कि शहर का कोई भी वकील आरोपी की पैरवी नहीं करेगा। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक यादव ने बताया कि धार्मिक नगरी को शर्मसार करने वाले पर कार्रवाई हो। बार एसोसिएशन का कोई भी सदस्य आरोपी की पैरवी नहीं करेगा। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए पुलिस से भी मांग की है कि आरोपी के खिलाफ मजबूत केस बनाकर कड़ी सजा दिलवाये।

# भारतीय सेना 400 हॉवित्जर तोप खरीदेगी

## रक्षा मंत्रालय को प्रस्ताव भेजा

नई दिल्ली। आर्मी ने रक्षा मंत्रालय को 400 हॉवित्जर तोप खरीदने का प्रस्ताव भेजा है। इस पर 6 हजार 500 करोड़ रुपए का खर्च आएगा। पूरी तरह से स्वदेशी इन तोपों का निर्माण डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन ने किया है। सेना से जुड़े एक सीनियर अफसर ने न्यूज एजेंसी ANI को बताया कि, सरकार जल्द ही एक हाई लेवल बुलाने वाली है, जिसमें हॉवित्जर तोपों की खरीदी पर फैसला लिया जाएगा। यह तोप पुरानी तोपों से काफी हल्की है। इस तोप से दागे जाने वाले गोलों की रेंज 48 किलोमीटर है, जबकि उसी गोले को बोफोर्स तोप 32 किलोमीटर दूर तक दाग सकती है। ये 155 MM की कैटेगरी में दुनिया में सबसे ज्यादा दूरी तक गोले दागने में सक्षम है। यह तोप -30 डिग्री सेल्सियस से लेकर 75 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर सटीक फायर कर सकती है। इसकी 26.44 फुट लंबी बैरल से हर मिनट 5 गोले दागे जा सकते हैं। इसमें आटोमैटिक राइफल की तरह सेल्फ लोडेड सिस्टम भी है।



### इसे देशी बोफोर्स क्यों कहा जा रहा है?

**ये तोप** DRDO की पुणे स्थित लैब ARDE ने भारत फोर्ज लिमिटेड, महिंद्रा डिफेंस नेवल सिस्टम, टाटा पॉवर स्ट्रैटेजिक और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड ने डेवलप किया है। 2013 में इसके डेवलपमेंट का काम शुरू हुआ था और पहला कामयाब टेस्ट 14 जुलाई 2016 में किया गया। इस तोप का इस्तेमाल और खासियत काफी कुछ बोफोर्स तोप से मिलती-जुलती हैं, इसलिए इसे देशी बोफोर्स भी कहा जाता है।

### सेना ने ATAGS के वजन में कमी करवाई थी, क्यों?

*2018 में रक्षा अधिग्रहण परिषद ने 3,365 करोड़ की अनुमानित लागत पर 150 ATAGS तोपों की खरीद के लिए मंजूरी दी थी। सेना को इस कैटेगरी में 1,580 आर्टिलरी गन की जरूरत थी। सेना ने अपनी आवश्यकताओं की तुलना में अधिक वजन के मुद्दे को लेकर आपत्ति जताई थी। सेना चाहती थी कि ATAGS का वजन लगभग 18 टन हो, ताकि इसे पहाड़ों में ले जाया जा सके। इस पर बाद में काम किया गया और सेना की मांग को पूरा किया गया। ATAGS तोप ऑटोमैटिक मोड फायरिंग और वायरलेस कम्युनिकेशन के अलावा हाई एंगल पर सबसे छोटे मिनिमम डिस्टेंस और रेगिस्तान व पहाड़ी इलाकों में जबर्दस्त प्रदर्शन करने में सक्षम है। ATAGS को सभी इलेक्ट्रॉनिक ड्राइव और पूरी तरह से ऑटोमैटिक बारूद हैंडलिंग सिस्टम के साथ सभी तरह के गोला बारूद को आग लगाने के लिए डिजाइन किया गया है।*

## एनसीपी चीफ शरद पवार ने कहा

# 'सीट बंटवारे पर इंडिया गुट में हो सकता है मतभेद लेकिन...'

**देश** में अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए विपक्ष अभी से लामबंद हो गया है. विपक्ष ने इंडिया गठबंधन बनाया है. लेकिन सीट बंटवारे को लेकर कौन सा दल कितना संतुष्ट हो पाएगा इस पर सबकी निगाहें हैं. लोकसभा चुनाव अभी तो बहुत दूर है लेकिन अभी से भी सीट शेयरिंग को लेकर गठबंधन में शामिल दलों के बीच की विवाद खुलकर सामने आने लगा है. इस बीच एनसीपी प्रमुख शरद पवार का बड़ा बयान सामने आया है. शरद पवार ने कहा है कि वह इस बात पर ध्यान देंगे कि सीट बंटवारे को लेकर इंडिया गठबंधन के घटक दलों के बीच किसी तरह का मतभेद ना हो. शरद पवार ने इस बात को भी स्वीकार किया है कि जिन राज्यों में चुनाव होने जा रहे है, वहां पर सीट बंटवारे को लेकर आपस में मतभेद हो सकते हैं. उन्होंने कहा है कि इस बात को बिल्कुल भी दरकिनार नहीं किया जा सकता. पवार ने कहा कि जिन



राज्यों में जिस राजनीतिक दल का इंटरेस्ट नहीं है, ऐसे लोगों को वहां भेजकर इन मतभेदों को सुलझाने का काम किया जाएगा. एनसीपी प्रमुख ने बताया कि हालांकि अभी तक इस प्रक्रिया की शुरूआत नहीं हुई है, लेकिन वह मुंबई लौट के बाद कांग्रेस और दूसरे दलों के नेताओं से इस पर बात करेंगे. शरद पवार ने कहा कि उनको लगता है कि इस प्रक्रिया को 8-10 दिनों में शुरू कर दिया जाएगा।

# भारत के कड़े रुख के बाद नरम पड़े कनाडा के तेवर, ट्रूडो बोले- इंडिया उभरती हुई ताकत, हम घनिष्ठ संबंधों के लिए प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** कनाडा स्थित नेशनल पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार की संलिप्तता के विश्वसनीय आरोपों के बावजूद, कनाडा के प्रधान मंत्री जस्टिन ट्रूडो ने पुष्टि की है कि कनाडा भारत के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए समर्पित है। कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाने



के बाद दोनों देशों के बीच रिश्ते नाजुक दौर में पहुंच गए है। भारत के कड़े रुख के बाद अब कनाडा के तेवर नरम पड़ गए है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टुड्रो ने भारत को उभरती हुई ताकत बताते हुए कहा कि हम उनसे अच्छे रिश्ते चाहते है। बता दें कि खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या भारत पर आरोप लगाने के बाद कनाडा को दूसरे देशों ने भी खूब खरीखोटी सुनाई। इस मामले को लेकर कनाडा अकेला पड़ गया था।

# दिल्ली में ज्वेलरी चोरी...2 आरोपी छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार:18.5 किलो सोना बरामद

## आरोपी की ख्वाहिश- सोने की कैंची से मोदी के बाल काटे

**दुर्ग।** दिल्ली की ज्वेलरी शॉप से 20 करोड़ की चोरी करने वाले दो आरोपी छत्तीसगढ़ से पकड़ाए हैं। पुलिस ने भिलाई के स्मृति नगर में छापा मारकर एक घर से 18.5 किलो सोने की ज्वेलरी जब्त की। इसकी कीमत करीब 10 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। मामले में दो आरोपी लोकेश श्रीवास और शिवा चंद्रवंशी को अरेस्ट किया गया है। आरोपी लोकेश सलून में काम करता था। उसका सपना है कि वो सोने की कैंची, सोने की कंघी और सोने के उस्तरे से पीएम नरेंद्र मोदी के बाल काटे।



लोकेश दिल्ली में चोरी के बाद प्लास्टिक सर्जरी करवाकर पहचान भी बदलने वाला था। पुलिस ने आरोपी की बाइक की डिग्गी से 10 लाख कैश समेत एक थार कार भी बरामद की है। 10 ग्राम (एक तोला) सोने की कीमत करीब 60 हजार रुपए है। इस लिहाज से 18.5 किलो सोने के जेवर की कीमत 11 करोड़ रुपए होती है।

### पुलिस ने चोरों को ऐसे पकड़ा

बिलासपुर एसपी संतोष सिंह के मुताबिक, एंटी-क्राइम एंड साइबर यूनिट और सिविल लाइन पुलिस स्टेशन की पुलिस शहर में चोरी की कई घटनाओं की जांच कर रही थी। पुलिस को कवर्धा में आरोपियों के होने का पता चला था। इसके बाद बिलासपुर पुलिस ने बुधवार 27 सितंबर को वहां छापा मारा और एक आरोपी शिवा चंद्रवंशी को गिरफ्तार किया। शिवा के पास से 23 लाख के जेवर भी मिले। हालांकि, वहां से लोकेश श्रीवास भागने में कामयाब हो गया।

*इसके बाद पुलिस ने लोकेश को दुर्ग के स्मृति नगर इलाके से गिरफ्तार कर लिया। लोकेश के पास ही 18.5 किलो सोने की ज्वेलरी और 12.5 लाख कैश मिला। लोकेश श्रीवास ने बताया कि वह बिलासपुर में चोरी की 7 घटनाओं में शामिल था। मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस भी छत्तीसगढ़ पहुंची है। आरोपियों को दिल्ली लाया जाएगा।*

## एक नजर

### वाहन पलटने से 16 लोग घायल



**कोंडागांव।** वाहन पलटने पर 16 लोगो के घायल हो गए है घायलो का जिला अस्पताल कोंडागांव में उपचार चल रहा । बताया जा रहा एक शोक कार्यक्रम में शामिल होने सभी 16 लोग छोटा हाथी वाहन में सवार होकर ग्राम गोलावण्ड से ग्राम बोरगांव जा रहे थे। उसी दौरान रास्ते मे यह हादसा हुआ। डाँक्टरों के अनुसार सभी घायलो का इलाज जारी है, एक को जगदलपुर हाइसेन्टर रिफर किया गया हैं। घटना मर्दापाल थाना क्षेत्र के गोलावण्ड से बोरगांव जाने वाली सड़क का।

### शराब की दुकान बंद कराने महिलाओं ने किया प्रदर्शन, अधिकारियों को दी यह चेतावनी



**कोंडागांव।** खूबडोगरा की महिलाएं बड़ी संख्या में अपना विरोध दर्ज करवाने पहुची। महिलाओं ने कहा कि, हमारे गांव के रास्ते जो दारू दुकान है उसे वहाँ से हटाना होगा, इसके यहाँ रहने से हम महिलाओ को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही नहीं हमारे गांव के खेत में शराब पीने के बाद लोग बोतल फोड़ कर फेंक देते हैं। महिलाओं ने कहा कि, हम इसे पहले भी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से मिलकर अपनी बात रख चुके हैं लेकिन अब तक हमारी मांग पूरी नहीं हुई है। वही सर्व आदिवासी समाज के ब्लॉक अध्यक्ष पनकुराम ने कहा कि, यदि समय रहते शराब दुकान को हटाने उचित कार्रवाई नहीं की जाती है तो इस इलाके के आसपास के 10 गांव के लोग आकर उग्र प्रदर्शन को बाध्य होंगे।

# राष्ट्रीय सूक्ष्म खाद्य उद्यमिता योजना की सहायता से गीता बनी आत्मनिर्भर

## अचार-पापड़ एवं मसाला यूनिट से कर रही हैं आय संवृद्धि



**जगदलपुर।** जिले के बकावण्ड निवासी गीता वैष्णव विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और शासन की योजना से लाभान्वित होकर स्वयं का कारोबार स्थापित कर आज आत्मनिर्भर बन गई हैं। हायर सेकंडरी तक शिक्षा प्राप्त अपने पति के निधन के बाद आर्थिक रूप से असहाय हो गई थी। उनके पास कोई रोजगार नहीं था, उन्हे अपना जीवन यापन करने क लिए दूसरे के ऊपर निर्भर होना पड़ गया था । गीता बताती हैं कि इस बीच स्वयं के पास बचत राशि एवं परिचितों की मदद से आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया और बकावण्ड में टिफिन का व्यवसाय शुरू किया, इसके साथ ही आमदनी में ईजाफा के लिए सिलाई का काम भी करने लगी। जिससे उसकी आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ।

लेकिन गीता अपने परिवार के लिए आय का स्थायी समाधान मन में रखी थी, जिसे पूरा करने के लिए उसे सहायता की जरूरत थी। इस दौरान जब 2018 में गांव की महिलाएं स्व सहायता समूह गठित कर रही थीं तो गीता भी इस समूह मे जुड़ गई और बिहान समूह में शामिल होकर अचार-पापड़ का काम करने लगीं। इसी बीच में गीता ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से प्रशिक्षण प्राप्त किया और कलस्टर फंड से 60 हजार रुपये ऋण प्राप्त कर वह स्वयं का अचार-पापड़ बनाने का व्यवसाय शुरू किया। जिससे उसकी आमदनी में बढ़ोतरी होने लगी और अपने दोनों बेटे की की परवरिश तथा पढ़ाई पर ध्यान देने लगीं।

## तालाब के बाद भी जीवन ठप्प करनपुर निवासी नवनीत के नेतृत्व में पहुंचे कलेक्ट्रेट

# 15 दिन में समस्याओं का निदान हो अन्यथा सभी ग्रामवासियों साथ धरना देंगे-नवनीत



**जगदलपुर।** आज बस्तर बेटा जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष मुक्ति मोर्चा के प्रमुख नेता श्री नवनीत चांद के नेतृत्व में करनपुर के निवासी जिला कलेक्ट्रेट ऑफिस पहुंचे जहां उन्होंने चितालुर सरपंच द्वारा भालुगुड़ा निवासियों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार एवं करनपुर आश्रित भालुगुड़ा में निर्मित निस्तार तालाब के प्रयोग से वंचित किये जाने व मारपीट किये जाने को लेकर शिकायत की एवं अनुविभागीय अधिकारी ज्ञापन सोपा है।

जनता कांग्रेस नेता श्री नवनीत चंद ने कहा कि करनपुर आश्रित भालुगुड़ा मेवन विभाग के अंतर्गत तालाब का निर्माण किया गया था जिस तालाब से भालू गुड़ा के रहने वाले लोगों का विस्तार होता था सिंचाई कार्य होता था परंतु बकावण्ड ग्राम पंचायत चिंतालूर दुर्व्यवहार के चलते अब जीवन थम गया है

उन्होंने कहा कि पंचनामा हो जाने के बाद भी विधायक के दबाव के पश्चात प्रशासन इसका हल करने में असमर्थ है उन्होंने पंचनामा में दिए गए शर्तों को बुलाने की बात भी कही है श्री नवनीत ने कहा कि अगर 15 दिन में उसका निदान नहीं हुआ तो हमें धरना देना होगा इस अबसर पर जगदलपुर ग्रामीण ब्लॉक अध्यक्ष अजय बघेल,जगदलपुर विधानसभा प्रभारी संतोष सिंह,नानगुर मंडल अध्यक्ष प्रीतम नाग,ब्लॉक महामंत्री रामू नाग,महामंत्री रूप नारायण सेठिया,सचिव पाकलू कश्यप,सचिव चेतन बघेल,नकुल नाग,भुनेश्वर नाग, धनु राम, चैतु राम,मनेंद्र आदि पदाधिकारी एवं बहुतायत की संख्या में कारनपुर ग्राम वाशी उपस्थित थे।

### लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक अंतर्गत मिचनार के समुदाय को मिलेगा 02 सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र

#### जिला स्तरीय वनाधिकार समिति ने मिचनार के ग्रामीणों को सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र प्रदत्त करने दी स्वीकृति

**जगदलपुर।** जिले के लोहण्डीगुड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत मिचनार-2 के समुदाय को दो सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र प्रदान करने की स्वीकृति जिला स्तरीय वनाधिकार समिति द्वारा दी गई है। जिसके तहत ग्राम पंचायत मिचनार-2 के ग्रामसभा द्वारा पारित प्रस्ताव पर ग्राम स्तरीय वनाधिकार समिति तथा अनुविभाग स्तरीय वनाधिकार समिति की अनुशंसा के आधार पर आदिवासी समाज कब्रिस्तान एवं मसीह समाज कब्रिस्तान के लिए सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। ज्ञातव्य है कि राज्य शासन द्वारा आदिम जाति एवं गैर परम्परागत वन निवासी अधिनियम का कारगर क्रियान्वयन कर सामुदायिक प्रयोजन के लिए सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र सहित वन संसाधनों के सामुदायिक उपयोग एवं देखभाल के लिए सामुदायिक वन संसाधन मान्यता पत्र समुदाय को प्रदान किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बस्तर अंचल में वृहद स्तर पर सामुदायिक वनाधिकार मान्यता पत्र और सामुदायिक वन संसाधन मान्यता पत्र स्थानीय समुदाय को प्रदान किया गया है।

### स्कूटी व ट्रक के पाट्र्स चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा ।** दो दुकान का ताला तोड़ कर लोहे का सामान व दो पहिया वाहन की चोरी अज्ञात चोर ने कर ली। शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन युवक को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया। कोतवाली के पीछे निवासरत मामन चंद अग्रवाल 61 साल ने पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि टीपी नगर बाइपास रोड में एरन ट्रेडर्स नामक आटो पाट्र्स दुकान का संचालन करते हैं।

### विधानसभा 2023 की तैयारियों के लिये सभी बीएलओ को दिया गया प्रषिक्षण



**कोण्डागांव।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन में को कोण्डागांव, केशकाल और नारायणपुर विधानसभा के समस्त बूथ लेवल अधिकारियों की मीटिंग एवं ट्रेनिंग सीईओ जिला पंचायत प्रेम प्रकाश शर्मा एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सीमा ठाकुर की उपस्थिति में किया गया। जिनमें सभी बीएलओ को मतदान दिवस के समय और चुनाव से संबंधित कर्तव्य के संबंध में उन्हें अवगत कराया गया। मतदान के दिन उनके दायित्वों एवं सेक्टर अधिकारियों के साथ उनके कार्यों से अवगत कराया गया। किस तरह के प्रपत्र तैयार किए जाने हैं उसकी जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त आगामी विधानसभा चुनाव में 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के वोटरों एवं दिव्यांग मतदाता जो लोग मतदान केंद्र पर जाकर वोट डालने में असमर्थ है। ऐसे लोगों को चुनाव आयोग द्वारा डाक मतपत्र उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया है तत्संबंध में भी सभी बीएलओ को निर्देश जारी किया गया है कि ऐसे मतदाताओं की पहचान करके वह अपने रिटर्निंग अधिकारी को जानकारी प्रदान करेंगे ताकि उन्हें समयावधि में डाकमतपत्र वितरण किया जा सके। इसके अतिरिक्त चुनाव संबंधित समस्त गतिविधियों की जानकारी अभी बीएलओ को दी गई और मूलभूत सुविधाओं के संबंध में निगरानी रखने एवं उनकी तैयारी करने के लिए संबंध में भी ठस्व्को निर्देशित किया गया।

### सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनातंर्गत विकास कार्यों हेतु एक करोड़ 38 लाख से अधिक राशि की प्रशासकीय स्वीकृति

**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनातंर्गत सांसद श्री दीपक बैज के संसदीय क्षेत्र-10 के अंतर्गत विकास कार्यों हेतु एक करोड़ 38 लाख से अधिक राशि की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसके अंतर्गत विकासखण्ड बस्तर में ग्राम पंचायत सोनारपाल व मुंजला में सामुदायिक भवन निर्माण कार्य के लिए क्रियान्वयन ऐजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बस्तर को नियुक्त करते हुए 5 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। विकासखण्ड बस्तर के ग्राम गुनपुर में तटरक्षण कार्य, ग्राम पंचायत सोरगांव में पानी टेंकर प्रदाय, ग्राम पंचायत नदीसागर में पानी टेंकर प्रदाय, ग्राम पंचायत पाथरी में पानी टेंकर प्रदाय, ग्राम पंचायत दुबेउमरगांव में पानी टेंकर प्रदाय, ग्राम पंचायत बालेंगा में पानी टेंकर प्रदाय, ग्राम पंचायत बोड़नपाल में पानी टेंकर प्रदाय हेतु क्रियान्वयन ऐजेंसी मुख्य कार्य पालन अधिकारी जनपद पंचायत बस्तर को नियुक्त करते हुए 25 लाख 91 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। इसके अलावा तोकापाल विकासखण्ड में सीसी सड़क निर्माण कार्य पटेल घर से तालाब तक 150 मीटर ग्राम पंचायत छापरभानपुरी -02 तक, सीसी सड़क निर्माण कार्य बलीराम घर से मेटा घर तक 200 मीटर ग्राम पंचायत सालेपाल-02 तक, मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण कार्य बाजार पसरा से सरगीभाटा पहुंच मार्ग तक ग्राम पंचायत सालेपाल-01 तक, मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण कार्य मासघर से चिंगा घर तक 300 मीटर ग्राम पंचायत सालेपाल-02 तक, मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण कार्य मासोपारा घर से बोसे घर तक 300 मीटर ग्राम पंचायत सालेपाल-02 तक कार्य हेतु क्रियान्वयन ऐजेंसी मुख्य कार्य पालन अधिकारी जनपद पंचायत तोकापाल को नियुक्त करते हुए 21 लाख 94 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

### कब- बुलबुल ने मनाया शहीद- ए-आजम भगत सिंह की जयंती

#### गूंगी बहरी ब्रिटिश सरकार को जगाने भगत सिंह ने असेंबली में बम फेंका




**कोंडागांव।** भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ कोंडागांव के पदेन संरक्षक एवं कलेक्टर दीपक सोनी , राज्य आयुक्त स्काउट एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोंडागांव प्रेम प्रकाश शर्मा के निर्देशानुसार, जिला आयुक्त एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती मधुलिका तिवारी, जिला संगठन आयुक्त स्काउट भीषभदेव साहू के मार्गदर्शन में शासकीय प्राथमिक शाला मुरारीपारा बड़ेबेंदरी के कब मास्टर पवन कुमार साहू, शासकीय प्राथमिक शाला बाजार पर के फ्लॉक लीडर श्रीमती दीप माला वैष्णव के नेतृत्व में श्रीमती सुधा अवस्थी, श्रीमती मंजु लता उईके के एवं दोनों संस्थाओं के कब बुलबुल के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक शहीद ए आज़म सरदार भगत सिंह जी की जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर मनाया गया इस अवसर पर कब मास्टर पवन कुमार साहू एवं फ्लॉक लीडर श्रीमती दीपमाला वैष्णव ने जानकारी देते हुए कहा कि भगत सिंह जी का जन्म 28 सितंबर 1907 में लालपुर जिले के बंगा गांव में हुआ था ।

# गौरव पथ मुक्त कराने में स्थानीय विधायक की निष्क्रिय भूमिका, गांधी जयंती पर आंदोलन

## 47 दिनों से धरने पर बैठे हैं दीपका के लोग, कहीं चुनाव में भारी न पड़ जाए विधायक जी की अनदेखी

जोहार छत्तीसगढ़-

कोरबा। नगर पालिका दीपिका में गौरव पथ मार्ग को भारी वाहनों से मुक्त कराने 47 दोनों से संघर्ष कर रहे आंदोलनकारी को नहीं मिल रहा न्याय ताज्जुब की बात यह है कि क्षेत्रीय कटघोरा विधायक पुरुषोत्तम कंवर भी गौरव पथ मुक्त कराने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं

और वह निष्क्रिय क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि विधायक के रूप में बने हुए हैं 47 दिनों के बाद भी आंदोलनकारी की सुध लेने तक नहीं पहुंचे हुए हैं, जिससे दीपका नगर वासियों में भारी आक्रोश नजर आ रहा है, विधायक की निष्क्रियता कहीं आगामी चुनाव में भारी न पड़ जाए, आंदोलनकारी पूछ रहे आखिर गौरव पथ मुक्त करने में किस बात का डर सता रहा विधायक जी को । हालांकि कटघोरा विधानसभा से अभी कांग्रेस ने टिकट फाइनल नहीं किया है, अगर कांग्रेस कटघोरा से विधायक पुरुषोत्तम कंवर को टिकट पुन: देती है तो जनहित के मुद्दे मे जनता की अनदेखी चुनाव पर विधायक जी को भारी न पड़ जाए ।

नगर पालिका परिषद दीपका गौरव पथ संघर्ष समिति ने एसईसीएल दीपका गेवरा परियोजना के मुख्यमहाप्रबंधकों को ज्ञापन सौंपा है। समिति के उमा गोपाल, बंशी दास महंत ने कहा है कि खदान से निकलने वाले भारी वाहनों का परिचालन गौरव पथ मार्ग से हो रहा है, जो कि पर्यावरण मंत्रालय द्वारा जारी पर्यावरणीय स्वीकृति और आदेश का खुलेआम उल्लंघन है। इस मार्ग में भारी वाहनों के कारण आसपास का वातावरण दूषित व मानव जीवन के लिए खतरा हो रहा है। कीचड़ सडक़ में अव्यवस्था आदि समस्याओं से लोग जूझ रहे हैं। किसी भी गांव के बीच से कोयला परिवहन प्रतिबन्धित होने के बाद भी यह कार्य बदस्तूर जारी है। गौरव पथ मार्ग छोडक़र किसी अन्य मार्ग से कोयला परिवहन हेतु निर्देशित किया जाए। इसे लेकर 2 अक्टूबर को आंदोलन का ऐलान किया गया है। नगर पालिका दीपका द्वारा आधिकारिक तौर पर आपत्ति दर्ज कराई गई है। जिसमें एसईसीएल दीपका गेवरा के प्रबंधन को वैकल्पिक मार्ग निकालने हेतु निर्देशित भी किया गया है और कोरबा जिला के जिलाधीश के समक्ष पत्र भी प्रस्तुत है। इसलिए गौरव पथ मार्ग से अलग वैकल्पिक मार्ग की रूपरेखा तैयार कर उसका तत्काल निर्माण किया जाए। वर्ष 2016 में गौरव पथ के वैकल्पिक मार्ग का निर्माण एसईसीएल के सीएसआर मद से कराया गया था, किंतु निर्माण उपरांत भी दीपका व गेवरा प्रबंधन ने गौरव पथ मार्ग से भारी वाहनों का परिचालन बंद नहीं किया है। मांग है कि तत्काल पूर्व से निर्मित वैकल्पिक मार्ग बायपास रोड से चलवाए जाए। कलेक्टर द्वारा वर्ष 2008 में मात्र अंबिकापुर-कटघोरा की तरफ जाने वाली गाडिय़ों को ही इस सडक़ पर चलने हेतु गौरव पथ को मार्ग बताते हुए एक अन्य मार्ग व्हाया डूमरकछार का उल्लेख अपने आदेश में किया गया था। बाद में इसका प्रकाशन राजपत्र में हुआ। आंदोलनकारियों ने मांग की है कि कटघोरा-अंबिकापुर जाने वाली गाडिय़ों को इस मार्ग का इस्तेमाल करने हेतु निर्देशित किया जाए। गौरव पथ संघर्ष समिति के उमा गोपाल, बंशी दास महंत ने 2 अक्टूबर को दीपका चौक में आंदोलन की चेतावनी दी है । ज्ञापन सौंपने के एक घंटे उपरांत एसईसीएल दीपका के नव पदस्थ मुख्य महाप्रबंधक अमित सक्सेना ने गौरव पथ मार्ग का औपचारिक निरीक्षण करते हुए आंदोलनकारियों से मुलाकात कर चर्चा किया और कहा कि प्रशासनिक अधिकारी नगर प्रशासन के अधिकारी और एसईसीएल के आला अधिकारी की उपस्थिति में बैठक कर इस मार्ग का उचित निर्णय लिया जाएगा।



# जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

गोवंश चिकित्सा एवं सुरक्षा के लिए समर्पित है मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई

जोहार छत्तीसगढ़- रायगढ़।



जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने पशु चिकित्सा को समर्पित मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई को हरी झंडी दिखाकर जिला मुख्यालय से रवाना किया। जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशानुरूप हाट बाजार क्लीनिक योजना एवं मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना की तर्ज पर गौवंश हेतु मोबाइल पशु चिकित्सा योजना प्रारंभ की गई हैं। योजना के तहत सभी विकासखंडों में पशु चिकित्सा सेवाएं देने वाले वेटनरी वैन को आज रवाना किया गया। इसके माध्यम कही भी पशुओं की दुर्घटना होने पर टोल फ्री नंबर 1962 में कॉल करने से तत्काल सेवाएं प्राप्त होगी। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को धन्यवाद देते हुए कहा कि गौ वंश की सेवा में यह योजना एक महत्वपूर्ण कदम हैं। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ.जेएल कुशवाहा ने बताया कि जिले के सात विकासखंड में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई अपनी सेवाएं देगी। जो दिन में दो गोठानों में विजिट करने के साथ स्वास्थ्य शिविर, कैंप लगाने का कार्य करेगी। जिसमें सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक हेल्पलाइन नंबर 1962 कॉल कर सकते हैं। जिसके तहत जिले के 7 विकासखण्डों में चिकित्सायुक्त 7 मोबाइल वैन के माध्यम से गौठानों, ग्राम पंचायतों तक पहुंच सेवा एवं कॉल सेंटर के माध्यम से जीपीएस लगे मोबाइल वैन एवं पशु चिकित्सा सेवा की मॉनिटरिंग तथा परामर्श सुविधा प्रदान की जाएगी। गोवंश मोबाइल चिकित्सा योजना का प्रमुख उद्देश्य छत्तीसगढ़ के सभी पशुओं को वक्त पर बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करना है। जिसके लिए इस योजना के तहत चिकित्सा वाहन के द्वारा बीमार पशुओं को गौठानों के माध्यम से ट्रीटमेंट दिया जाएगा। अब राज्य सहित जिले के कोई भी पशुपालक अपने पशुओं के बीमार होने पर टोल फ्री नंबर पर संपर्क कर पशुओं का समय पर इलाज करवा सकेंगे। इससे पशु संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा।

**पशु उपचार के संबंध में टोल फ्री नंबर 1962 में कर सकते है संपर्क**

**जिले के समस्त विकासखण्ड में देगी अपनी सेवाएं, वैन में चार सदस्यीय टीम रहेगी मौजूद**

### मोबाईल वेटनरी यूनिट से गौठानों के पशुओं की होगी स्वास्थ्य जांच

**विकासखण्ड में प्रतिदिन दो गौठानों में मोबाईल वेटनरी यूनिट पहुंचेगी। इससे पूर्व पशुपालकों को सूचित कर दिया जाएगा कि वे अपने पशुओं का स्वास्थ्य जांच टीकाकरण, बधियाकरण, लघु शल्य क्रिया, कृत्रिम गर्भाधान नि:शुल्क करा सकते है।**

## रायपुर रोड चौड़ीकरण तात्यापारा-शारदा चौक के बीच तीसरी बार नाप-जोख



**रायपुर।** शहर के जिस तात्यापारा-शारदा चौक के बीच 2008 के बाद से सड़क चौड़ीकरण रुका हुआ था, उसे लेकर हलचल एक बार फिर तेज हुई है. इससे पहले दो बार सर्वे, नाप-जोख कर निगम के अधिकारी ब्योरा तैयार किए थे.

परंतु अभी हाल ही में मुख्यमंत्री के आदेश पर वित्त विभाग से स्वीकृति मिलने के बाद फिर से हिसाब-किताब लगाने में निगम के इंजीनियर लग गए हैं. बताया जाता है कि 4 अक्टूबर से कभी भी विधानसभा चुनाव की आचार संहिता का ऐलान हो जाएगा. जबकि चौड़ीकरण के टेंडर प्रक्रिया में ही दो महीने का समय लगेगा. इसलिए दिवाली के समय तोड़फोड़ की संभावना कम है.

इससे पहले दो बार के नाप-जोख में 15-15 फीट सड़क के दोनों तरफ की करीब 35 से 40 दुकानें टूटने की सूची निगम के फाइलों में है. तात्यापारा चौक से फूलचौक तरफ जहां तक सड़क चौड़ी है, वहां तोड़फोड़ की जरूरत नहीं पड़ेगी. प्रभावितों की मांग मुआवजे की है. इसी संबंध में पिछले महीने महापौर से मुलाकात कर चौड़ीकरण के लिए सहमति दिया था.

# आयुष्मान भव :अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन

स्वास्थ्य मेले में कुल 292 मरीजों का किया गया उपचार

जोहार छत्तीसगढ़- कोरबा।





कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉएसएन केसरी के नेतृत्व में आयुष्मान भव:अभियान के तहत जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा उपस्वास्थ्य केन्द्रों में आने वाले मरीजों के इलाज के साथ ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं की जानकारी प्रदान की जा रही है। साथ ही उन्हें अंगदान के लिए प्रेरित कर शपथ भी दिलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में विगत दिवस सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा में साप्ताहिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई तथा मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों तथा सीएचसी कटघोरा में पदस्थ विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा शिविर में स्वास्थ्यगत् विभिन्न बीमारियों का उपचार किया गया तथा उपस्थित मरीजों को दवाईयॉ वितरण किया गया। स्वास्थ्य मेले में 292 लोगों ने रजिस्ट्रेशन कर उपचार प्राप्त किया तथा 05 लोगों को आभा नम्बर जारी किया गया तथा 08 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया तथा 18 लोगों ने अंगदान हेतु पंजीयन कराया है। आयुष्मान भव: अभियान के तहत शहरी स्वास्थ्य केन्द्रों में शिविर लगाकर सिकलिन जांच किया गया। अभी तक जिले में 122 आभा नंबर, 155 आयुष्मान कार्ड, अंगदान 175 हेतु रजिस्ट्रेशन हो चुका है, तथा कुल 2132 लोगों ने उपचार प्राप्त किया है। सीएमएचओ डॉ.केसरी ने बताया कि 04 अक्टूबर 2023 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोंड़ी उपरोड़ा में स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जाएगा। इस स्वास्थ्य मेले में विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा मरीजों को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने जिले के नागरिकों से इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शिविर का लाभ उठाने की अपील की हैं साथ ही आयुष्मान कार्ड से छूटे हुए हितग्राही शिविर में अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है।

## 19 और 20 जनवरी को अखिल भारतीय बैंक हड़ताल

बैंक कर्मचारी करेंगे चरणबद्ध हड़ताल

**रायपुर ।** बैंकों में कामकाज के बढ़ते दबाव को लेकर पर्याप्त नई भर्ती नहीं करने, निजीकरण को प्रोत्साहित करने के विरोध में अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ ने सरकार के खिलाफमोर्चा खोल दिया है। संघ ने चेतावनी दी है कि दिसंबर से सभी बैंकों द्वारा चरणबद्ध रूप से हड़ताल की जाएगी। यह हड़ताल देशभर में सभी बैंकों द्वारा किया जाएगा और इससे बैंकिंग कामकाज पूरी तरह प्रभावित होगा। सरकार ने मांगें नहीं मानी तो अगले वर्ष 19 व 20 जनवरी को देशभर में सभी बैंकों में कामकाज बंद रहेगा। इस दो दिवसीय हड़ताल में सभी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक शामिल रहेंगे। छत्तीसगढ़ बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के महासचिव शिरीष नलगुंडवार ने जानकारी दी कि ये आंदोलन का कार्यक्रम चरणबद्ध होने के कारण सामान्य बैंकिंग सेवा प्रभावित होगी हम चाहते हैं कि इस आंदोलन को ग्राहकों का जनसमर्थन भी मिले। हमारा आंदोलन बैंक शाखाओं में पर्याप्त कर्मचारी उपलब्ध कराने को लेकर है ताकि कर्मचारियों द्वारा बेहतर ग्राहक सेवा दिया जा सके। इन दिनों रहेगी बैंक हड़ताल : चार दिसंबर को देशभर में पंजाब नेशनल बैंक, पंजाब एंड सिंध बैक व एसबीआइ बैंक कर्मी हड़ताल में रहेंगे। इसके बाद पांच दिसंबर को देशभर के बैंक आफबड़ौदा, बैंक आफइंडिया की हड़ताल रहेगी।

# जानलेवा होता है रेबीज,टीका लगवाना ही बचाव का तरीका

विश्व रेबीज दिवस पर हुए विविध जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

बलौदाबाजार।

कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 28 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में विश्व रेबीज दिवस का आयोजन किया गया।



इस अवसर पर स्वास्थ्य केंद्रों सहित स्कूलों में लोगों को रेबीज के प्रति जागरुक एवं सावधानी बरतने के संबंध में अपील कर जानकारी दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि, देश में प्रतिवर्ष लगभग 20 हज़ार लोगों की मौत रेबीज से हो जाती है जिसमें से 97 प्रतिशत केस संक्रमित कुत्ते के काटने से होता है । रेबीज एक जानलेवा रोग है यदि इसका टीका नहीं लगवाया गया और लक्षण प्रकट हो गए तो मरीज की मृत्यु हो जाती है। नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बनर्जी के अनुसार संक्रमित जानवर के काटने पर रेबीज के लक्षणों में बुखार,सरदर्द,थकान,पश्चात श्वशन तंत्र, तंत्रिका तंत्र,पाचन तंत्र पर प्रभाव पड़ता है।

मरीज को हवा,पानी प्रकाश से भय लगता है और वह कोमा में चला जाता है जिसके बाद उसकी मृत्यु हो जाती है। रेबीज से बचाव हेतु जानवर के काटने पर घाव को तुरंत साबुन और साफ पानी से धोएं फिर एंटीसेप्टिक लगा के तुरंत चिकित्सक से संपर्क कर एंटी रेबीज टीका लगवाएं। किसी प्रकार के अंधविश्वास के झांसे में आ के झाड़- फूंक की गतिविधियों से दूर रहें । घर में यदि पालतू जानवर है तो उसे टीका लगवाएं ।यह टीका शासकीय अस्पताल में नि:शुल्क उपलब्ध है। जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट श्वेता शर्मा के अनुसार जिले में वर्ष 2023 में भाटापारा में 1059,बलौदाबाजार में 919,सिमगा में 580,पलारी में 505 और कसडोल में 423 कुत्ते काटने के प्रकरण सामने आए थे। वर्ष 2022 में जिले में ऐसे कुल केस 3881 के थे जो इस वर्ष अब तक 3486 हैं।

## गांधी जयंती से योग-चौपाल कार्यक्रम का होगा शुभारम्भ : खोमेश साहू



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ योग शिक्षक संघ के लगातार हो रहे व्यापक जन-सैलाब को ध्यान में रखते हुए संघ के तत्वावधान में अब प्रत्येक जिलों में रूपरेखा निर्धारण व रिक्त पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति करने योग-चौपाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष श्री अनिल चंद्राकर जी ने बताया कि हमारी संख्या प्रति वर्ष बढ़ती जा रही है। योग-योग्यताधारी अपने मांगों, अधिकारों और कर्तव्यों के लिए निरंतर सजग होते जा रहे हैं अब आवश्यकता है कि प्रत्येक जिले की बड़े स्तर पर ऑनलाइन मीटिंग हो।

प्रदेश महासचिव श्री खोमेश साहू जी ने कहा कि बड़े स्तर पर जिलों की ऑनलाइन मीटिंग आयोजित करना सबसे बड़ा कदम होगा। इससे न सिर्फ हमारे जिले के साथी एक दूसरे से कनेक्ट हो सकेंगे बल्कि विचारों का आदान-प्रदान कर रिक्त पदों पर पदाधिकारियों की नियुक्ति भी की जा सकेगी। इन सभी पक्षों को दृष्टिगत रखते हुए इस योग-चौपाल कार्यक्रम का शुभारम्भ महात्मा गांधी जयंती, 02 अक्टूबर, सोमवार के अवसर पर किया जाना हैँ जो की रात्रि 8 बजे से 9 बजे तक, सोमवार से गुरुवार में ही होगा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी स्वयं जन-जन को जागरुक कर संवाद को बेहतर बनाने वाले योद्धा रहे हैँ। यह योग-चौपाल कार्यक्रम उनकी जयंती से शुभारंभ किया जाएगा जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संघ केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्रीय सह-सचिव, श्री नितेश पटेल राजनीतिक विभाग को देने का फैसला लिया है।

# गिरौदपुरी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

जंगल में जोंक नदी किनारे हाथ महुआ शराब बनाते आरोपी गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़ - गिधौरी।



पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा एवं अति पुलिस अधीक्षक हरीश यादव एव अति पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह के निर्देशन में तथा थाना प्रभारी गिधौरी टुंडा के सी दास के मार्ग दर्शन में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्दे नजर अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध लगातार विशेष अभियान चलाकर लगातार कार्यवाही करने के निर्देश पर आज दिनांक 29- 09- 2023 को चौकी गिरौदपुरी पुलिस को जरिए मुखबिर सूचना मिला की चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महाराजी कुरूं पाठ जंगल से आगे जोक नदी किनारे एक व्यक्ति मिट्टी का चूल्हा बनाकर भारी मात्रा में हाथ भट्टी महुआ शराब बना रहा है की सूचना पर चौकी गिरोधपुरी पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए तत्काल कुर्रुपाठ जंगल के आगे जोक नदी किनारे पहुंच कर घेराबंदी कार्यवाही किया गया जहां एक व्यक्ति मिट्टी का चूल्हा बनाकर एल्युमिनियम के बर्तन में अवैध रूप से महुआ शराब बनाते मिला जिसे नाम पता पूछने पर अपना नाम लक्ष्मण प्रसाद साहू पिता छोटेलाल साहू उम्र 36 वर्ष सकिन महराजी चौकी गिरोधपुरी का रहने वाला बताया जिससे भट्टी को नष्ट कराकर इसके कब्जे से 14 लीटर महुआ शराब कीमती 2800 रूपये, 3 एल्युमिनियम का बांगा, 3 नाग प्लास्टिक की बाल्टी को जप्त किया गया आरोपी लक्ष्मण प्रसाद साहू के द्वारा धारा 34(2)आबकारी एक्ट के तहत अपराध घटित करना पाए जाने उपरोक्त शराब एवं शराब बनाने में प्रयुक्त बर्तन व बाल्टी को जप्त कर आरोपी लक्ष्मण प्रसाद साहू के विरुद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश कर किया गया जेल दाखिल उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक ओम सिंह साहू, प्रधान आरक्षक जितेंद्र कुमार साहू, आरक्षक कुमार ध्रुव,टिकेश्वर साहू, शिव कुमार पाटले की सराहनीय भूमिका रही।

**आरोपी से 14 लीटर महुआ शराब एवम शराब बनाने के बर्तन जप्त**

# दुर्गा मंच गणेश समिति द्वारा शुक्रवार को भगवान गणेश को वार्डो में घुमाया और अमोरा में आज विसर्जन किया

**10 वे दिन विशेष हवन कर 11 वे दिन भगवान को डीजे की धुन में नाचते हुए वार्डो का भ्रमण कराया गया**

जोहार छत्तीसगढ़

बेमेतरा - बेमेतरा के सिंघौरी वार्ड 13 मे 10 वे दिन विशेष हवन कर भगवान श्री गणेश का आसन हिलाया गया! गणेश चतुर्थी पर शहर में मंगलवार सुबह से ही लोग गणपति बप्पा की मूर्ति स्थापना के लिए तैयारियां कर रहे थे।



इस बीच लोगों ने गणपति बप्पा मोरया के जयकारों के बीच विघ्नहर्ता गणेश जी का अपने घरों व पंडालो में स्वागत किया। किसी ने रंग बिरंगे फूल गणेश जी के स्वागत में उनके ऊपर बरसाए तो किसी ने गुलाल लगाकर गणेश जी का गृह प्रवेश करवाया।

### विघ्नहर्ता का पूजा किया

ठीक इसी तरहा बेमेतरा के सिंघोरी वार्ड 13 के न्यू दुर्गा मंच गणेश समिति द्वारा 19 सितंबर दिन मंगलवार शाम को विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश जी का स्थापना कर ( पं. गौरव पाण्डेय ) से विधि विधान के साथ मंत्रो उच्चारण के साथ प्रथम पूजनीय श्री गणेश और गौरी गणेश का पूजा अर्चना कराया गया!

**बप्पा के घर से जाने का यह पल थोड़ा भावुक होता है!**

### और 10 वे दिन विशेष हवन

इसी तरहा रोज गणपति की आरती और भजन गाए गए महराज गौरव पाण्डेय ने भगवान विघ्नहर्ता का पूजा किया और 10 वे दिन विशेष हवन कर भगवान श्री गणेश का आसन हिलाया गया! ईस बिच मुख्य जजमान के रूप में दो विवाहित जोड़ा रहें गोविंद दास भारती मानिकपुरी,प्रीत किरण साहू, साथ ही समिति के सदस्य गण सागर साहू,दिनेश साहू, करण श्रीवास, दीपक साहू, लखन साहू, जीतेन्द्र वर्मा, दीपचंद श्रीवास, कोमल देवांगन, अंकित दिवान, वहीं, कई जगहों पर लोगों ने अपने घर व पंडालो पर विघ्नहर्ता गणेश की स्थापना किए थें उनका भी विशेष पूजा अर्चना करवाई तो कहीं हवन यज्ञ करवाए गए।और कई जगहों में स्थापित किए गए भगवान गणेश का विसर्जन भी किया गया!


### बप्पा के घर से जाने का यह पल थोड़ा भावुक होता है,

*न्यू दुर्गा मंच गणेश समिति द्वारा शुक्रवार को डीजे के धुन के साथ भगवान गणेश का मूर्ति को वार्डो का भ्रमण कराया जाएगा और आज शनिवार की सुबह 11 बजे अमोरा घाट में भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति विसर्जन किया जाएगा! प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश जी की मूर्ति का स्थापना जितनी खुशी के साथ साथ भक्त गणेश चतुर्थी पर घर-घर में किए है उसी खुशी और हर्षोल्लास के साथ अपने भगवान विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की मूर्ति को विसर्जन करते है! हालांकि बप्पा के घर से जाने का यह पल थोड़ा भावुक होता है, लेकिन फिर से अगले साल उनके घर पर आने की इंतजार भी शुरू हो जाता है। ऐसे में भक्त नाचते गाते बप्पा को अगले बरस फिर से आने के लिए कहते हुए विसर्जित करते हैं। वैसे तो भक्त अपनी कामना के मुताबिक 13 या 14 या फिर 15 वें दिन बप्पा का विसर्जन कर देते हैं, लेकिन बप्पा का विसर्जन गणेश उत्सव के पूरे 11 दिन होने पर ही करना चाहिए। इन सब के बीच जो सबस अहम है, जो है भगवान गणेश के हवन यज्ञ की पूजा विधि और मंत्र, जो भक्त गणेश विसर्जन के एक दिन पूर्व करते हैं।*

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, शनिवार 30 सितंबर 2023

# भारत में जवान की कमाई 600 करोड़ रुपये के नजदीक




एटली के निर्देशन में बनी फिल्म जवान रिलीज के पहले दिन से ही टिकट खिड़की पर धुंआधार कमाई कर रही है।इसमें शाहरुख खान मुख्य भूमिका में, जो जबरदस्त एक्शन और रोमांस करते नजर आ रहे हैं।जवान टिकट खिड़की पर कई रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी है। हालांकि, रिलीज के तीसरे सप्ताह फिल्म की दैनिक कमाई में गिरावट देखने को मिल रही है।अब जवान की कमाई के 20वें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, जवान ने अपनी रिलीज के 20वें दिन 5.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 571.28 करोड़ रुपये हो गया है।



# खतरों के खिलाड़ी सीजन 13 में चैलेंजर बनकर आएंगी हिना खान

खतरों के खिलाड़ी सीजन 13 में अभिनेत्री हिना खान एक चैलेंजर के रूप में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। उन्होंने कहा कि बहादुरी के लिए एक बेंचमार्क स्थापित करने के लिए चुना जाना सम्मान की बात है।

शो के रोमांच की भावना को अगले स्तर पर ले जाते हुए, एक्शन मास्टर और होस्ट रोहित शेट्टी इस सीजन के तीसरे चैलेंजर का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

शो के आठवें सीजन की मशहूर फाइनलिस्ट शेर खान के नाम से मशहूर हिना अपनी असाधारण लचीलेपन और शो के आठवें संस्करण में अधिकांश स्टंट में महारत हासिल करने के लिए प्रसिद्ध हैं, जो इस सीजन के प्रतियोगियों को चुनौती देने के लिए तैयार हैं। अपने निडर व्यक्तित्व को बरकरार रखते हुए, हिना शो में लग जा गले गाते हुए प्रवेश करती नजर आएंगी, क्योंकि वह एक चट्टान से कूदने वाली हैं। आगामी एपिसोड में, दर्शक हिना की अदम्य ताकत देखेंगे। एक चैलेंजर के रूप में केकेके 13 में अपनी वापसी के बारे में बात करते हुए, हिना ने कहा, खतरों के खिलाड़ी में वापसी उस रोमांच को फिर से देखने जैसा था जिसने मुझे वह बनाया जो मैं आज हूं। अगर मैं इस शो में नहीं होती तो मैं अपने डर पर काबू पाने की कल्पना भी नहीं कर पाती। अभिनेत्री ने कहा, एक चुनौतीकर्ता के रूप में इसमें वापसी करने से अद्भुत यादों की बाढ़ आ गई। खतरों के खिलाड़ी का यह सीजन अपने आप में अनोखा और हैरतअंगेज स्टंट से भरपूर है। बहादुर लोगों के लिए एक मानदंड स्थापित करने के लिए चुना जाना सम्मान की बात है।

हिना ने कहा कि वह रोहित के मार्गदर्शन के लिए उनकी

# स्लिम फिट गाउन में मानुषी छिल्लर ने बिखेरे जलवे, बढ़ाया इंटरनेट का पारा

मिस वर्ल्ड 2017 मानुषी छिल्लर इस समय काफी चर्चा में हैं. उन्होंने अपनी खूबसूरती से लेकर एक्टिंग तक, हर अंदाज का जादू दुनियाभर के लोगों पर खूब चलाया है. अब बार फिर से मानुषी फैंस को अपने अभिनय से हैरान करती दिखेंगी. हालांकि, अपनी फिल्म रिलीज होने से पले एक्ट्रेस लगातार अपने लुक्स की वजह से चर्चा में बनी हुई हैं.

अब फिर से मानुषी का ग्लैमरस अंदाज दिखा है. लेटेस्ट फोटोशूट में एक्ट्रेस सिल्क स्लिम फिट ग्रीन स्लीवलेस गाउन पहने हुए नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस ने अपने इस लुक को मिनिमल मेकअप से कंप्लीट किया है. मानुषी ने सटल बेस के साथ न्यूड लिप्स और न्यूड आई मेकअप रखा है. वहीं, एक्ट्रेस ने बालों को सॉफ्ट कर्ली टच देकर ओपन रखा है. अपने इस लुक को फ्लॉन्ट करते हुए मानुषी ने कैमरे के सामने स्टनिंग पोज दिए है. मानुषी ने अपने इस लुक को कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करते हुए किलर पोज दिए हैं. एक्ट्रेस की अदाओं पर फैंस की नजरें टिकी रह गई है. चाहने वालों ने उन पर प्यार लुटाते हुए कई कमेंट्स किए हैं. वहीं, एक्ट्रेस के कर्वी फिगर पर सभी की नजरें टिकी रह गई हैं. मानुषी इस लुक में बहुत खूबसूरत और स्टनिंग दिख रही हैं.

अब मानुषी की आने वाली फिल्मों पर नजर डालें तो एक्ट्रेस इन दिनों अपनी अगली फिल्म द ग्रेट इंडियन फैमिली के प्रमोशन में काफी व्यस्त चल रही हैं. इस फिल्म में मानुषी को विक्की कौशल के साथ रोमांस करते देखा जाएगा. इसके अलावा एक्ट्रेस के पास ऑपरेशन वैलेंटाइन, तेहरान और बड़े मियां छोटे मियां जैसी फिल्में भी पाइपलाइन हैं.



# फिल्म 2018 एवरीवन इज ए हीरो को ऑस्कर में मिली भारत की तरफ से ऑफिशियल एंट्री




मलयालम फिल्म इंडस्ट्री जमीनी सिनेमा बनाने के लिए जानी जाती है। वहां की फिल्मों के लिए 100 करोड़ क्लब जैसी बातें आम नहीं।ऐसे में इस साल मई में आई मलयालम फिल्म 2018 ने पूरा खेल बदलकर रख दिया। ये सबसे जल्दी 100 करोड़ रुपये कमाने वाली पहली मलयालम फिल्म बनी।अब इसके नाम एक और बड़ी उपलब्धि जुड़ गई है। फिल्म ऑस्कर में कदम रख चुकी है।भारत की तरफ से यह ऑस्कर 2024 के लिए आधिकारिक एंट्री होगी।

2018: एवरीवन इज ए हीरो ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड बनाए। अब इस साल ऑस्कर के लिए भारत की ओर से इसी फिल्म को भेजा जाएगा, जो निश्चित रूप से पूरी मलयालम फिल्म इंडस्ट्री के लिए गर्व की बात है।बता दें कि द केरल स्टोरी से लेकर रॉकी और रानी की प्रेम कहानी, मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे, तेलुगु फिल्म बालागम, मराठी फिल्म वालवी, बापल्योक और 16 अगस्त, 1947 (तमिल) सहित करीब 22 फिल्में इस दौड़ में शामिल थीं।

2018 में केरल की भयानक बाढ़ ने जनता का बहुत नुकसान किया था। इस आपदा में 450 से ज्यादा लोगों ने अपनी जान गवांई और हजारों लोग बेघर हो गए।1924 के बाद प्रदेश में ऐसी भयंकर बाढ़ आई थी।


# टाइगर श्रॉफ की गणपत का नया पोस्टर जारी, जल्द रिलीज होगा टीजर

टाइगर श्रॉफ बीते कुछ समय से अपनी आगामी फिल्म गणपत: ए हीरो इज बॉर्न को लेकर सुर्खियों में हैं। फिल्म में अभिनेता अपने पावर-पैक अवतार से फैंस को आश्चर्यचकित करने के लिए तैयार हैं। कृति सेनन और अमिताभ बच्चन अभिनीत यह फिल्म एक डिस्टोपियन दुनिया पर आधारित एक्शन थ्रिलर है। अब हाल ही में, फिल्म का एक और पोस्टर जारी हुआ है, जो तेजी से वायरल हो रहा है।




टाइगर श्रॉफ पिछले काफी समय अपनी आगामी फिल्म गणपत को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म साल 2023 की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में शुमार है। गणपत में टाइगर की जोड़ी कृति सैनन के साथ बनी है। इससे पहले कृति और टाइगर की जोड़ी साल 2014 में आई फिल्म हीरोपंती में नजर आ चुकी है, जो बॉक्स ऑफिस पर काफी सफल रही थी। आज निर्माताओं ने गणपत का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसमें टाइगर और कृति की झलक देखने को मिल रही है।

# अक्षय कुमार की फिल्म मिशन रानीगंज: द ग्रेट भारत रेस्क्यू के ट्रेलर ने दमदार कहानी से जीता फैंस का दिल



अक्षय कुमार की मोस्ट अवेटेड फिल्म मिशन रानीगंज: द ग्रेट भारत रेस्क्यू का फैंस को बेसब्री से इंतजार है. ये फिल्म रियल लाइफ हीरो जसवंत सिंह गिल की लाइफ पर बेस्ड है और फिल्म में अक्षय कुमार ने जसवंत गिल का किरदार निभाया है. वहीं फिल्म को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट के बीच मेकर्स ने आज मिशन रानीगंज: द ग्रेट भारत रेस्क्यू का दमदार ट्रेलर रिलीज कर दिया. फिल्म का ट्रेलर इमोशंस, ड्रामा, इंस्पिरेशन, साहस और दमदार म्यूजिक की एक रोलर-कोस्टर राइड है जो कलाकारों के शानदार प्रदर्शन के साथ खूबसूरती से एक साथ बुना गया है.

मिशन रानीगंज: द ग्रेट भारत रेस्क्यू के ट्रेलर को ऑडियंस से भरपूर प्यार मिल रहा है और उसके व्यूज बढ़ते जा रहे हैं. गौरतलब है कि ट्रेलर के 24 घंटे के रिलीज के अंदर-अंदर सोशल मीडिया पर मिशनरानी गंजट्रेलर ट्रेंडिंग हो रहा है. बता दें कि फिल्म एक रियल लाइफ हीरो , जसवंत गिल की रियल लाइफ स्टोरी पर बेस्ड है. उन्होंने नवंबर 1989 में समय के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी, जब उन्हें रानीगंज में बाढ़ वाली कोयला खदान में फंसे खनिकों को बचाया था. ट्रेलर में रेस्यू ऑपरेशन की झलकियां दिखाई गई है और इसने सभी के रोंगटे खड़े कर दिए हैं.

फैंस इस ट्रेलर की जमकर तारीफ कर रहे हैं. एक ट्विटर यूजर ने लिखा, अक्षय एक दमदार रोंगटे खड़े कर देने वाले ट्रेलर के साथ वापस आ गए हैं.

## खेल



5 अक्टूबर से शुरू होने वाले वर्ल्ड कप के लिए भारत पूरी तरह से तैयार है। चौथी बार वर्ल्ड कप का आयोजन भारत में हो रहा है। 1987 में वर्ल्ड कप पहली बार इंग्लैंड के बाहर भारत-पाकिस्तान में खेला गया था। 1996 और 2011 में भी वर्ल्ड कप की सफल मेजबानी भारतीय उपमहाद्वीप ने की थी। इस बार इतिहास में पहली बार यह मेगा इवेंट पूरी तरह से भारत में आयोजित होने जा रहा है। इससे पहले भारत के साथ पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश संयुक्त मेजबान थे।

# भारत में चौथी बार वर्ल्ड कप

*यहां स्पिनर्स का बोलबाला, 1996 में कुंबले थे टॉप विकेट-टेकर; बाएं हाथ के ऑलराउंडर कर सकते हैं कमाल*

ऐसे में जानते हैं कि भारत में हुए पिछले तीन वर्ल्ड कप में क्या ट्रेंड्स रहे हैं। किन प्रकार के खिलाड़ियों के वजह से टीम फाइनल में पहुंची।

भारत में 1987 में ऑस्ट्रेलिया ने एलन बॉर्डर की कप्तानी में इंग्लैंड को हराकर ट्रॉफी जीती थी। बाएं हाथ के कप्तान बॉर्डर ने 183 रन बनाए और 6 विकेट भी लिए थे। फिर 1996 में श्रीलंका के ओपनर सनथ जयसूर्या ने 221 रन बनाए और 7 विकेट भी लिए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। वहीं, 2011 में भारत में बाएं हाथ के युवराज का जलवा देखने को मिला। युवराज ने 362 रन बनाने के साथ-साथ 15 विकेट भी लिए थे। उन्हें ऑलराउंडर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट से नवाजा गया था। भारतीय उपमहाद्वीप में अब तक हुए तीन वर्ल्ड कप में एशियाई टीमों का प्रदर्शन बेहतरीन रहा है। 1987 वर्ल्ड कप में भारत और पाकिस्तान की टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रही थीं। हालांकि, पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया और भारत को इंग्लैंड के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, उसके बाद भारत में हुए दोनों ही वर्ल्ड कप एशियाई टीमों ने जीते हैं। 1996 में श्रीलंका ने इंग्लैंड को हराकर पहली बार ट्रॉफी अपने नाम की थी। वहीं, 2011 में भारत ने श्रीलंका को हराकर वर्ल्ड कप जीता था।



## तीनों वर्ल्ड कप में टॉप-3 बैटर्स में रहे खिलाड़ियों की टीमें फाइनल में पहुंचीं

*तीनों ही वर्ल्ड कप में सर्वाधिक रन बनाने वाले टॉप-3 बैटर्स में से किसी 2 की टीम ने फाइनल में जगह जरूर पक्की की है। 1987 में ऑस्ट्रेलिया के बून ने 447 रन और ज्योफ मार्श ने 428 रन बनाए थे। दोनों ही टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में दूसरे और तीसरे पर थे। 1996 में जयसूर्या और कालूवितर्णा ने श्रीलंका के लिए 20.26% रन बनाए। 2011 में सचिन-सहवाग की सलामी जोड़ी ने टीम के लिए 35.77% रन अकेले जोड़े। सचिन ने 482 और सहवाग ने 380 रन बनाए।*

## एक नजर

# झज्जर की पलक ने एशियन गेम्स में जीते 2 मेडल

### गोल्ड-सिल्वर जीतने पर गांव में जश्न, 5 साल पहले स्कूल में शुरू की थी शूटिंग

**रोहतक ।** हरियाणा के जिला झज्जर के गांव निमाना की पलक ने एशियन गेम में शानदार प्रदर्शन करते हुए देश की झोली में 2 मेडल डाले। पलक ने 10 मीटर एयर पिस्टल इंडिविजुअल में 242.1 स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता। वहीं टीम इवेंट में पलक ने सिल्वर मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया। पलक की इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल है। पलक के ताऊ पूर्व पार्षद जगबीर सिंह उर्फ काला प्रधान ने बताया कि उसके भाई जोगेंद्र की तीन बच्चे (2 बेटियां व एक बेटा) है। जिनमें से पलक सबसे बड़ी है। पलक ने गुरुग्राम स्कूल में पढ़ाई के दौरान वर्ष 2018 में शूटिंग करना शुरू किया था। इसके बाद पलक कई मेडल जीत चुकी है। वह फरीदाबाद की कर्ण सिंह रेंज में अभ्यास करती थी। वहीं शूटिंग का चयन करने के बाद परिवार का पूरा सहयोग रहा और पलक हर प्रतियोगिता में जीत हासिल करती।

# एशियन गेम्स में नीरज चोपड़ा पर नजर

### परिजनों से फोन पर कहा- जो मेडल जीत चुका, उन्हें फिर से हासिल करना चाहता हूं

**पानीपत।** एशियन गेम्स 2023 में देश के गोल्डन बॉय नीरज चोपड़ा भी हिस्सा ले रहे हैं। नीरज चोपड़ा से सभी को अब की बार फिर गोल्ड मेडल की उम्मीद है। 2018 में जकार्ता में हुए एशियन गेम्स में नीरज चोपड़ा पहले ही देश को गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। अब की बार भी नीरज ने परिजनों को गोल्ड मेडल देने का वादा किया है। नीरज चोपड़ा 4 अक्टूबर को एशियन गेम्स में जैवलीन थ्रो इवेंट में हिस्सा लेंगे।



### फिर से दोहराएंगे वही मेडल श्रृंखला

नीरज चोपड़ा के चाचा भीम चोपड़ा ने बताया कि 2 दिन पहले ही नीरज से बात हुई थी उन्होंने बताया कि वह गेम के लिए पूर्ण रूप से तैयार है। इस बार भी वह देशवासियों की उम्मीद पर खरा उतरेंगे और देश को गोल्ड मेडल जरूर दिलाएंगे।

नीरज ने फोन पर बताया था कि वह एक बार फिर से अपने जीती गई चैंपियनशिप मेडल श्रृंखला को दोबारा दोहराना चाहते हैं। वह जो मेडल जीत चुके हैं, उन्हें फिर से एक बार हासिल करना हैं। इसके लिए वह जी तोड़ मेहनत कर रहें हैं।


भीम चोपड़ा ने बताया कि नीरज चोपड़ा पिछले 11 साल से लगातार मेहनत कर रहे हैं। कुछ पाने के लिए कुछ बलिदान भी देने पड़ते हैं। नीरज ने परिवार से दूर रहकर एक बलिदान दिया है और खुद को इस काबिल बनाया है।

# वर्ल्ड कप टीम में अक्षर की जगह अश्विन की एंट्री-चोट के कारण पटेल बाहरद्व, भारत का पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया से

भारत की वर्ल्ड कप टीम में स्पिन ऑलराउंडर रविचंद्रन अश्विन की एंट्री हुई है। चोट से रिकवर नहीं हो पाए ऑलराउंडर अक्षर पटेल की जगह अश्विन को शामिल किया गया है। द्बष्टष्ट ने गुरुवार को मीडिया को इसकी जानकारी दी। वर्ल्ड कप स्क्वॉड में बदलाव का गुरुवार को आखिरी दिन था।

अक्षर को चोट से रिकवर होने में अभी तीन से चार हफ्ते का समय लगेगा। 29 साल के स्पिनर ऑलराउंडर अक्षर पटेल एशिया कप के सुपर-4 लीग मुकाबले के दौरान चोटिल हो गए थे। उसके बाद उनकी रिकवरी के प्रयास किए जा रहे थे, लेकिन वे रिकवर नहीं हो सके।

वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को चेन्नई के मैदान पर 5 बार की चैंपियन ऑस्ट्रेलिया से होगा।




चोट के कारण अक्षर के टीम से बाहर होने की आशंका पहले से थी। अक्षर के स्थान पर वॉशिंगटन सुंदर भी रेस में थे, लेकिन अश्विन के अनुभव को तवज्जो दी गई।

37 साल के अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में 2 मैच खेले थे और 4 विकेट लिए थे। टीम इंडिया ने राजकोट वनडे में सीनियर्स को मौका दिया था, लेकिन अक्षर उस वक्त फिट नहीं हो सके थे। लिहाजा, अश्विन की वर्ल्ड कप टीम में एंट्री तय मानी जा रही थी।

46 दिन चलने वाले टूर्नामेंट के बारे में माना जा रहा है कि आखिरी दौर में विकेट्स टूटने लगेंगे और इसका फायदा स्पिनर्स को होगा। अश्विन 2011 और 2015 में टीम इंडिया की वर्ल्ड कप स्क्वॉड का हिस्सा रहे हैं। उनका एक्सपीरिएंस टीम के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

# ईरानी कप...दोनों टीम के स्क्वॉड का ऐलान

### हनुमा विहारी रेस्ट ऑफ इंडिया और उनादकट सौराष्ट्र के कप्तान; 1 अक्टूबर से खेला जाएगा मैच

इस साल ईरानी कप का मैच सौराष्ट्र और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच खेला जाएगा। इसके लिए दोनों टीमों के स्क्वॉड की घोषणा की जा चुकी है। हनुमा विहारी को रेस्ट ऑफ इंडिया की कप्तानी सौंपी गई है। बता दें ईरानी कप मैच 1 अक्टूबर से राजकोट में खेला जाएगा।

### ईश्वरन-जलज सक्सेना बाहर

अभिमन्यू ईश्वरन टाइफाइड की वजह से रेस्ट ऑफ इंडिया टीम में जगह नहीं बना पाए। ईश्वरन ने इस रणजी सीजन में 798 रन बनाए थे। वहीं इस रणजी में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले जलज सक्सेना को भी टीम में जगह नहीं मिली है। हनुमा विहारी को ईरानी कप के लिए रेस्ट ऑफ इंडिया की कप्तानी दी गई है। विहारी की कप्तानी में ही साउथ जोन ने इस साल की दलीप ट्रॉफी जीती थी।



हनुमा विहारी को ईरानी कप के लिए रेस्ट ऑफ इंडिया की कप्तानी दी गई है। विहारी की कप्तानी में ही साउथ जोन ने इस साल की दलीप ट्रॉफी जीती थी।

इंडिया A के खिलाड़ियों के एशियन गेम्स में व्यस्त होने के कारण रेस्ट ऑफ इंडिया टीम में यंगस्टर्स को मौका दिया गया है। यश धुल, रोहन कुन्नुमल को टीम में शामिल किया गया है। ईरानी कप मैच सीजन की रणजी विजेता टीम और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच खेला जाता है। यह टेस्ट फॉर्मेट मैच होता है जो उन्हीं नियमों के हिसाब से 5 दिन तक चलता है। रेस्ट ऑफ इंडिया टीम का सेलेक्शन BCCI करती है। कप का नाम BCCI के पूर्व ट्रेजरार और प्रेसिडेंट जाल ईरानी के नाम पर रखा गया। पहला ईरानी कप मैच 1959-60 में खेला गया।

# मरहबा,या,मुस्तुफा की सदाओं से मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर मुस्लिम-जमात ने जुलूसे मोहम्मदी निकाली

*जश्ने,ईद,मिलादुन्नबी के जुलूस में कोटा सहित कोटा से लगे आसपास के ग्रामीण इलाकों के मुस्लिम-धर्मावलंबी भारी संख्या में शामिल हुए*

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

मरहबा या मुस्तुफ ा,सरकार की आमद मरहबा,दिलदार की आमद मरहबा,जश्ने ईद मिलादुन्नबी मुबारक हो की सदाओं नारो, के साथ गुरुवार 28 सितंबर को इन्सानियत का पैगाम देने वाले पैगम्बरे इस्लाम मोहम्मद साहब के जन्मदिवस के अवसर पर कोटा मुस्लिम जमात ने पूरे आन,बान,शान अनुशासन से नातिया,कलाम के साथ जुलूसे.मोहम्मदी निकाला,जुलूसे.मोहम्मदी मस्जिदपारा से निकलकर मेन रोड होते हुए बजारपारा,बस स्टैंड.महाशक्ति,चौंक-चौंक से जय स्तंभ नाका चौंक होते हुए मौहारखार लोरमी रोड.राममंदिर चौंक पडावपारा तहसील डाकबंगला से होते हुए वापस मस्जिदपारा जुलूस के दौरान समाज के लोगों द्वारा रास्ते भर खाने-पीने की बेहतरीन मिठाई.नमकीन.लंगर सामग्री सहित शर्बत.कोल्डड्रिंक पीने का पानी की पूरी व्यवस्था बनाई गई थी दोपहर 3 बजे के आसपास मस्जिदे ताहा कोटा में जुलूस का समापन हुआ। जुलूस के समापन के बाद पैगम्बरे इस्लाम मोहम्मद साहब पर सलातो-सलाम पेश करने फतिहाखानी के बाद मस्जिद कमेटी कोटा के द्वारा पूरे कोटा मुस्लिम जमात के लिए आम लंगर आयोजित किया गया था जिसमे की कोटा.नगर सहित कोटा से लगे ग्रामीण इलाकों के मुस्लिम-समुदायो की भारी संख्या में पुरुषों.महिलाओं.बच्चो.बच्चो की उपस्थिति रही।



## मस्जिदे ताहा के पेश,ईमाम हाफ ीज,गुलजार साहब ने जुलूस के दौरान मोहम्मद,साहब का पैगाम दिया

जुलूसे मोहम्मदी के पूरे कोटा नगर भ्रमण के दौरान कोटा के प्रमुख चौंक.चौराहों में कोटा.मुस्लिम समाज मस्जिदे.ताहा के पेश.ईमाम हाफ ीज.गुलजार साहब ने मोहम्मद साहब द्वारा कही गई सिराते.मुस्तकीम अच्छाई के रास्तो में चलने बुराइयों से दूरी अपने समाज के लोगो सहित दीगर समाज के लोगों के साथ अच्छे बर्ताव आपसी प्रेम सद्भाव.सौहार्द.बनाए रखने कमजोर वर्गों की हमेशा मदद करने, हक सच्चाई, के साथ चट्टान की तरह खड़े रहने, बातिल बुराई, के खिलाफ रहना, चाहे वो अपने ही मजहब का ही क्यो न हो उसके आगे हाफिज गुलजार साहब ने बताया कि मोहम्मद साहब के दुनिया में पैदा होने ;यौमे.विलादतद्ध के बाद जिन अरब देशों में बेटियों के पैदा होते ही उन्हें बोझ मानकर जिंदा दफ्न कर दिया जाता था मोहम्मद साहब के दुनिया में आने के बाद उस प्रथा को पूरी तरह से बंद कर दिया मोहम्मद,साहब ने बेटीयो का सम्मान बढ़ाया, मोहम्मद साहब की चार बेटियां थी, जिनकी सबसे छोटी बेटीयो में खातूने,जन्नत हजरत फातिमा के दोनों साहेबजादे पुत्र, हजरत हसन व हजरत ईमाम हुसैन के नाम से पूरी दुनिया वाकिफ है हजरत ईमाम हुसैन की कर्बला में हक की खातिर सच्चाई की खातिर शहादत इस्लाम के लिए आज भी तारीख है,जो कि पूरी दुनिया के रहने तक रहेगी।

## जुलूसे मोहम्मदी में हिंदुस्तान सहित पूरी दुनिया में अमन.चैन.शांति आपसी भाईचारा के लिए दुआ मांगी गई

जुलूसे.मोहम्मदी के समापन के बाद मस्जिदे.ताहा में हिंदुस्तान सहित पूरी दुनिया में अमन.चैन.शांति आपसी.भाईचारा के लिए मुस्लिम.समाज कोटा द्वारा दुआए.खैर मांगी गई। दुवाओ के दौर के बाद समाज के लोगों के लिए आम.लंगर का इंतजाम किया गया जिसमें की कोटा.सहित कोटा से लगे आसपास के मुस्लिम.समुदाय के लोगों में जिसमे की महिला.पुरुष सहित बच्चों की भारी संख्या में उपस्थिति रही। सभी ने लंगर नौस फरमाकर अल्लाह का शुक्र अदा किया जुलूसे.मोहम्मदी सहित पूरे आम.लंगर प्रोग्राम में मस्जिद.कमेटी व मदरसा.कमेटी के पदाधिकारियों.मेम्बरों सहित समाज के बड़े.बुजुर्गों की प्रमुख रूप से भूमिका रही कार्यक्रम के बाद मुस्लिम.जमात.कोटा के बड़े.बुजुर्गों सहित समाज के युवाओं ने मस्जिद.कमेटी. व.मदरसा.व.मदरसा कमेटी के पदाधिकारियों को मुबारक.बाद पेश की। जुलूसे.मोहम्मदी में कोटा मस्जिद व मदरसा कमेटी के ओहदेदार.मेम्बरों में सदर जनाब बशीर बेग, मोहम्मद जावेद खान, नायब सदर जब्बार खान, सेकेट्री.अब्दुल गफ्फ ार, खजांची फि रोज रजा नायब.सेकेट्री अब्दुल मोईद कुरैशी, मो. हफ ीज खान, अमजद खान, शेख सिराज, अफ्जल खान, अनवर अली, बग्गू खान, अमजद अली, अकबर अली, दादा भाई, मोहम्मद रज्जब, फि रोज खान, सुबराती खान, शमशुल हक रफ ीक खान, सईद खान, शमीम खान गोलू, आसिफ खान, साहेब आलम मिन्नू शाहिद अली, रियाजत खान, आमिर खान, अरमान खान, फि रोज आलम परवेज खान, आरिफबेग असलम खान, मिर्जा नईम बेग, जावेद बेग, सलीम खान, हासिम अली, हबीब खान, इमरान खान, हुसैन खान, समीर खान, तौहीद खान अज्जू बागड़ी, अकरम खत्री, आकिब खत्री अदनान खत्री, आजम खत्री अहमद अंसारी, अजीम खान हलीम खान, इस्माइल खान हाजी अब्दुल आबिद, अब्दुल रब, हैदर अली अहमद खान, साबिर अली, सदरुद्दीन खत्री, समीम खान, मोहम्मद हसन, रूबी खान, शरीफ खान पेंटर, नियाज.खान सहित भारी संख्या में कोटा मुस्लिम.जमात के बड़े.बुजुर्ग.नवजवान बच्चो की उपस्थिति रही।




## एक नजर

### ओपन यूनिवर्सिटी में पढ़ने के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि आज

जोहार छतीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र जुलाई से जून 2023-24 के लिए इच्छुक आवेदक से 30 सितंबर 2023 तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया है। ये कोर्स एक वर्षीय एवं दो वर्षीय है। इन कोर्सों में बीकॉम, बीबी, एमबी, प्रवेश पूर्व परीक्षा द्वारा चयन, डिप्लोमा इन कंप्यूटर एजुकेशन डीसी, डीएलएड,मेरिट के आधार पर प्रवेश, जीएसटी, पीजी डिप्लोमा इन लेबर लॉ एंड लेबर वेलफेयर, रामचरितमानस में विज्ञान से सामाजिक उत्थान में डिप्लोमा, डिप्लोमा इन योग साइंस आदि शामिल है। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट पीएसएसओयू डॉट एसी डॉट इन का अवलोकन किया जा सकता है।

### 2000 रुपये का नोट जमा करने का अंतिम दिन आज

जोहार छतीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

29 सितम्बर आरबीआई ने कहा है कि लोग 2000 रुपये के नोट जमा करने या बदलने के लिए बैंकों या डाकघरों से संपर्क कर सकते हैं। 2000 रुपये के नोट जमा करने या बदलने की आखिरी तारीख 30 सितंबर 2023 है। लोग अपनी सुविधानुसार स्थानीय कैश डिपॉजिट मशीनों सीडीएम पर 2000 रुपये के नोट बदल सकते हैं। 2,000 रुपये के नोट बदलने के लिए आरबीआई के दिशानिर्देश जिन लोगों का बैंक में खाता है, वे अपनी बैंक शाखा में जा सकते हैं जहां उनका खाता है और 2000 रुपये के नोटों को सुव्यवस्थित करने और बदलने के लिए अपने खाते का विवरण प्रदान कर सकते हैं। आरबीआई के दिशानिर्देशों में कहा गया है कि 2000 रुपये के नोट बदलने के लिए मांग पर्ची या आईडी फ्रूफ की कोई आवश्यकता नहीं है। आरबीआई ने यह भी कहा है कि कोई गैर,खाताधारक भी बिना किसी आईडी प्रूफ़के किसी भी बैंक शाखा में 2000 रुपये के नोट बदल सकता है। हालांकि, 2000 रुपये के नोट बदलने की एक सीमा है। एक व्यक्ति एक बार में 20,000 रुपये की सीमा तक 2000 रुपये के बैंक नोट बदल सकता है। 2000 रुपये के नोट बदलने की सुविधा नि:शुल्क है।

### सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के लिए काम करने के लिए प्रेरित ही धार्मिक आयोजन का अभिप्राय : रंजना साहू

धार्मिक आस्था से जीवन में संस्कारों का विकास होता है : प्रकाश गोलछा

**धमतरी** । प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नवयुवक गणेश उत्सव समिति शकरवारा के युवा साथियों के द्वारा प्रथम पूज्य श्री गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित कर हवन कार्यक्रम के दिन रात्रि कालीन बेला में जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली नगर पंचायत आमदी के कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई, इस पावन कार्यक्रम के अवसर पर क्षेत्र की विधायक रंजना डीपेंद्र साहू कार्यक्रम में शामिल होकर सर्वप्रथम प्रथम पूज्य गणेश भगवान की पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। विधायक एवं उनके साथ गए सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट करते हुए तिलक लगाकर स्वागत किए। अतिथि उद्बोधन में विधायक रंजना साहू ने नवयुवकों के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं का धार्मिक आयोजनों में योगदान प्रशंसनीय है, निरंतर क्षेत्र में युवा साथियों के द्वारा धार्मिक आयोजन की जा रही है जिससे पूरा क्षेत्र धर्ममय हो गया है। श्रीमती साहू ने बताया कि मोक्ष प्राप्ति से पहले धर्म का उद्देश्य सभी व्यक्तियों को प्रत्येक व्यक्ति के प्रति सहयोग का संबंध, दया का ?????भाव एवं प्रत्येक के प्रति व्यवहार के बारे में ज्ञान देना है।सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन के लिए काम करने के लिए प्रेरित ही धार्मिक आयोजन का अभिप्राय है। भाजपा वरिष्ठ प्रकाश गोलछा ने बताया कि धार्मिक आस्था से जीवन में संस्कारों का विकास होता है। अत: हमें सदैव अपने जीवन में संस्कारों को याद रखना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से धनंजय सिंह सरपंच तेजबती निषाद, डीपेंद्र साहू, पंकज साहू, जितेश सिंहा, वीरेंद्र साहू, सोहनलाल सिन्हा, धनेश सिन्हा, सुरेंद्र सिन्हा, लोकेश्वर मंडावी, तामेश्वर मरकाम, रोशन, हरीश, वीरेंद्र, जागेश्वर, सूरज, बलदेव, तिलक, अभिमन्यु साहू, लोकेश्वर कोर्राम, धीरेंद्र मंडावी, तामेश्वर सिन्हा, महेश्वर सिन्हा, सतीश कोर्राम, शिवा ध्रुव, टकेंद्र साहू, तेजराम मंडावी सहित बड़ी संख्या में रामधुनी सुनने श्रोतागण उपस्थित रहे।

# छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना द्वारा 30 सितंबर को पोरा रैली का आयोजन लालबहादुर शास्त्री स्कूल मैदान में किया जाएगा

छत्तीसगढ़िया संस्कृति को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बिलासपुर में पोरा रैली का आयोजन-क्रान्ति सेना

जोहार छत्तीसगढ़-बिलासपुर।




छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा जबर पोरा रैली का आयोजन बिलासपुर जिले में पहली बार घूम-धाम से किया जा रहा है। संगठन के द्वारा रैली का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़िया समाज को उनके तीज तिहार,भाषा संस्कृति के प्रति जागरूक करना है। रैली में पंथी, सुवा, बैलगाड़ीए,राउत नाचाए करमा कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण होंगे। पोरा रैली लाल बहादुर शास्त्री स्कूल मैदान से निकल के सदर बाजार होते हुए विभिन चौक का भ्रमण कर वापस सभा के साथ समापन होगा। संगठन के जिला उपाध्यक्ष अनिल पाली ने बताया कि पोरा रैली का आयोजन छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा प्रदेश के विभिन्न शहरों में कराया जा रहा है इसी कड़ी में बिलासपुर में भी 30 सितंबर को जबर पोरा रैली का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारी पूरी हो गई है। छत्तीसगढ़ियों द्वारा अपने तीज त्योहार को जिस तरह छिप छिपकर मनाया जाता है, अपने भाषा संस्कृति के प्रति जो हीनता के भाव रखते हैं, उसे तोड़ने का प्रयास इस आयोजन के जरिए हमारे संगठन द्वारा किया जायेगा। उन्होंने आगे बताया कि इस कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश स्तरीय शीर्ष पदाधिकारी समेत करीब हजारों लोगों के जुटने की संभावना है। संगठन के महामंत्री परस राम यादव ने बताया कि पहली बार बिलासपुर में बड़े स्तर पर पोरा रैली का आयोजन किया जा रहा है, छत्तीसगढ़ के लोगों को अपने संस्कृति के प्रति जगाने के लिए इस तरह का कार्यक्रम हर साल किया जाएगा। शहर अध्यक्ष कृतग पटेल ने बताया कि बिलासपुर शहर में क्रान्ति सेना लगातार सक्रिय भूमिया निभा कर छत्तीसगढ़ की संस्कृति जल जंगल की लड़ाई लड़ रही है। और आघे भी अपनी संस्कृति को बचाने के लिए काम करते रहेंगें। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना बिलासपुर संगठन के द्वारा किया जा रहा है जिसे सफल बनाने के लिए शैलू ठाकुर, कृष्ण कौशिक, अनिल पाली, कृतग पटेल, नीलखांडे मनोज साहू, संजू भोयरा, रविंद्र कौशिक, कृष्ण यादव, पीयूष यादव, संजय कौशिक, बलराम कौशिक, बॉबी पात्रे, पुनिराम,सुनील कश्यप,अपना योगदान दे रहे है।

# 2023 के चुनाव में जनता पूर्वग्रसित भुपेश सरकार को जबाब देगी-मुरलीधर सिन्हा

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

छग में विस चुनाव का सरगर्मी है इस बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। छग भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के कार्यसमिति सदस्य मुरलीधर सिन्हा ने छग कांग्रेस सरकार पर तीखा प्रहार किया है।



सिन्हा ने छग सरकार के द्वारा पीएमएल, के विरूध्द सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका खारिज किये जाने को लेकर प्रतिक्रिया दिया है। उन्होंने कहा राज्य की भ्रष्ट भुपेश सरकार पहले केन्द्रीय जांच एजेंसी सीबीआई पर उंगली उठायी सीबीआई के डर से राज्य सरकार के अनुमति के बगैर जांच पर प्रस्ताव पारित की और अब बौखलाहट में स्वतंत्र एजेंसी परिवर्तन निदेशालय ईडी की कार्यवाही के खिलाफ सुप्रीमकोर्ट में याचिका दायर कर खुद को भ्रष्ट साबित कर दीहालाकि सुप्रीमकोर्ट ने राज्य सरकार के याचिका को खारिज कर दिया है।

**छग में 16 लाख आवास वापस करने और 8 लाख आवास को राज्यांश नहीं देने वाले सीएम का केन्द्र सरकार पर आरोप गलत**

## आवास योजना को बाधित करने वाली सरकार

*भाजपा के मुरलीधर सिन्हा ने भुपेश सरकार पर आवास योजना बाधित करने का भी आरोप लगाया है उन्होने कहा राज्य सरकार गरीब हितैषी नहीं है 16 लाख आवास को वापस करने और 8 लाख आवास पर राज्यांश ना देने वाली सरकार आज केन्द्र सरकार पर आरोप लगा रही है।जनता को सब पता है जनता इसबार के विस चुनाव में जबाब देगी।*

**मीडिया अनुप्रमाणन एवं मॉनिटरिंग समिति के सदस्यों को दिया गया प्रशिक्षण**

# पेड न्यूज,राजनीतिक विज्ञापन सहित सोशल मीडिया पर चुनावी प्रचार की होगी मॉनिटरिंग

***बिना अनुमति के विज्ञापन प्रकाशित कराने पर नियमानुसार की जाएगी कार्यवाही***

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय मीडिया अनुप्रमाणन एवं मॉनिटरिंग समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के लिये भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शी बिन्दुओं के अनुरूप आदर्श आचार संहिता, राजनीतिक विज्ञापन, पेड न्यूज, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार प्रसार हेतु मापदंड की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर्स डॉ एमएम जोशी ने आदर्श आचार संहिता के संबंध में विस्तार से बताया।



डॉ. जोशी ने बताया कि मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति द्वारा पेड न्यूज की मॉनिटरिंग की जायेगी। पेड न्यूज होने पर उसकी जानकारी समिति द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर को दिया जायेगा। रिटर्निंग आफिसर द्वारा उम्मीदवार को नोटिस जारी किया जायेगा। जिले में गठित एमसीएमसी द्वारा इलेक्ट्रानिक मीडिया, केबल नेटवर्क, सोशल मीडिया आदि पर जारी किये जाने वाले विज्ञापनों की सत्त मानिटरिंग की जायेगी। विज्ञापन प्रकाशित होने पर जो भी खर्च है उसे अभ्यर्थी के खाते में जोड़ा जायेगा। अलग-अलग इलेक्ट्रानिक चैनलों में यदि एक ही तरह के फ ोटो और मैटर लगातार एक ही अभ्यर्थी के पक्ष में प्रचार हो तो ऐसे समाचार प्रसारण पर विशेष ध्यान दिया जायेगा। ऐसी सभी समाचार पेड न्यूज की श्रेणी में शामिल होंगे तथा उसका खर्च संबंधित अभ्यर्थी के निर्वाचन खर्च में जोड़ा जायेगा। डॉ. जोशी ने बताया कि राजनीतिक दल एवं निर्वाचन लड़ रहे अभ्यर्थियों को टेलीविजन चैनल या केबल नेटवर्क पर विज्ञापन जारी करने के पहले निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकृत अधिकारी के समक्ष आवेदन करना होगा। इसके लिए राजनीतिक दलों एवं अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार के राजनीतिक विज्ञापन प्रकाशित एवं प्रसारित करने के पूर्व जिला स्तरीय समिति से प्रमाणन कराना जरूरी होगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचन के दौरान भ्रामक एवं अनर्गल प्रचार-प्रसार तथा जाति-धर्म के आधार पर प्रकाशन नहीं होना चाहिए। कोई भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी या अन्य संस्था, व्यक्ति, मतदान के एक दिवस पहले बिना एमसीएमसी के प्रमाणीकरण के प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित नहीं करा सकेगा।

आदर्श आचार संहित घोषणा के बाद मीडिया सेंटर सक्रियतापूर्वक कार्य करेंगे। उन्होंने सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा.निर्देश के संबंध में जानकारी दी। सोशल मीडिया विज्ञापन पर किया गया व्यय कंटेंट, इंटरनेट कंपनी को भुगतान चुनाव व्यय में सम्मिलित होगा। सोशल मीडिया में शांति भंग करने, सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने, देश के संविधान और कानून के विपरीत, नैतिकता, सदाचार के विपरीत और किसी की धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने वाला कटेन्ट नहीं होना चाहिए। इस दौरान मीडिया प्रमाणन के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय व निर्वाचन आयोग के निर्देश, प्रमाणन के आधार, समिति का अधिकार क्षेत्र, मीडिया प्रमाणन की आवश्यकता, मीडिया निगरानी, पेड न्यूज, फेक न्यूज सहित अन्य विषय पर जानकारी दी गई। इस अवसर उप जिला निर्वाचन सुश्री सीमा पात्रे, एमसीएमसी के नोडल अधिकारी सेवाराम दीवान संयुक्त कलेक्टर, वरिष्ठ कोषालय अधिकारी पीआर महादेवा, सदस्य साधना खरे, डिप्टी कलेक्टर सरोज महिलांगे, डॉ.राजेश कुमार सक्सेना,निलेश कुजुर मण्डल अभियंता बीएसएनएल, हेमंत कुमार जायसवाल जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, कमलज्योति जिला जनसंपर्क अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# हर विधानसभा में दूसरी पंक्ति के दावेदार दिखा रहे दम

## समाजसेवी से लेकर कारोबारी तक शामिल

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही जिले समेत प्रदेश भर में चुनावी हलचल बढ़ गई है। रायगढ़ विधानसभा से लेकर जिले की सभी विधानसभाओं में एक तरफ प्रमुख दावेदारों के बनते बिगड़ते पैनल की अफवाहों का बाजार गर्म है तो दूसरी तरफ हर राजनैतिक दल में दूसरी पंक्ति के दावेदार भी अपने लिए मजबूत संभावनाएं तलाश रहे हैं।**

इनमे समाजसेवी से लेकर कारोबारी तक शामिल हैं। प्रत्याशियों के अधिकृत नामों की घोषणा के पूर्व दूसरी पंक्ति के दावेदार अपनी ताकत दिखाने से पीछे नहीं हैं। बात कांग्रेस की करें तो रायगढ़ विधानसभा में वर्तमान विधायक को चुनौती देने वाले दावेदारों की भरमार है। जहां पार्टी के ही कुछ प्रतिद्वंद्वी दावेदार अपना चुनाव प्रचार भी शुरु कर चुके हैं वहीं कुछ ऐसे भी नेता हैं जो उच्च संगठन में अपने दावेदारी की दमदारी दर्शाकर बड़े नेताओं का ध्यान खींचने में जुटे हैं। चुनावी सीजन में जहां हर दावेदार अपने लिए रायपुर से दिल्ली तक गॉडफादर यानि टिकट दिलाने में सक्षम खेवनहार नेता की खोजबीन कर रहा है वहीं दूसरी पंक्ति के आधा दर्जन उम्मीदवार सामाजिक कार्यक्रमों के जरिये स्वयं को स्पर्धा में बनाए रखने की कोशिश कर रहे हैं। इनमे पूर्व महापौर जेठूराम








मनहर से लेकर कद्दावर कांग्रेस नेता संतोषराय का नाम प्रमुख है। जेठूराम के पास अनुभव व सामाजिक समर्थन के साथ उजली छबि की दमदारी है तो वरिष्ठ राजनेता संतोषराय एक कुशल रणनीतिकार व जुझारु व्यक्तित्व में गिने जाने हैं। व्यवसायिक समाज के साथ अन्य समाजों में भी राय की मजबूत पकड़ कांग्रेस को फायदा दिलाती आई है। इसी क्रम में अगला नाम पीसीसी प्रवक्ता हरेराम तिवारी का है। तिवारी के पास भी दो दशकों से ज्यादा का राजनैतिक अनुभव होने के साथ विधानसभा में निर्णायक भोजपुरी मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है। हरेराम तिवारी भोजपुरी संगठन व ब्राम्हण संघ के पदाधिकारी भी हैं। वहीं रायगढ़ की सामान्य सीट पर सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार को प्राथमिकता देने की मांग भी दूसरी पंक्ति के दावेदार दबे मुंह उठाते सुने जा रहे हैं। कमोबेश ऐसी ही स्थिति बीजेपी में भी दूसरी पंक्ति के दावेदारों की हैं। यहां रायगढ़ विधानसभा में प्रखर समाजसेवी व कारोबारी सुनील रामदास अपने सामाजिक वर्चस्व को प्रबल दावेदारी का मजबूत माध्यम मान स्पर्धा में डटे हुए हैं तो संघ से जुड़े वरिष्ठ नेता विवेक रंजन की दावेदारी भी उनकी कद्दावर सामाजिक व राजनैतिक छबि के बूते टिकट की उम्मीद लगाये हुए है। इसी कड़ी में युवा नेता विकास केडिया एवं गौतम अग्रवाल भी दूसरी पंक्ति में अपनी दावेदारी प्रदर्शित कर रहे हैं। कुल मिलाकर दोनों ही दलों में संगठन और सरकार में प्रमुख पदों पर रहे दूसरी पंक्ति के जिले भर में करीब दो दर्जन दावेदार टिकट के लिए प्रयासरत हैं। इनमे पार्षद,विभिन्न बोर्ड व आयोग के अध्यक्ष,सदस्य आदि शामिल हैं। हालांकि टिकट के सभी संभावित दावेदारों ने जमीनी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चुनावी चौपाल व जनसम्पर्क तेज कर दिया है किंतु इसके साथ पत्ते खुलने के पहले टिकट को लेकर भी राजधानी व दिल्ली के नेताओं से सम्पर्क साधे हुए हैं। सियासी गलियारों में भी इस तर्क को समर्थन मिलता दिख रहा है कि संगठन के समर्पित नेताओं के कार्यों का मूल्यांकन करते हुए सियासी विरासत से हटकर दूसरी पंक्ति के दावेदारों को एक अवसर जरुर मिलना चाहिए।

## ग्राम सभा का आयोजन 2 से 8 अक्टूबर तक

**कांकेर** । छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 6 के जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालय तथा उनके आश्रित ग्रामों में आगामी 02 से 08 अक्टूबर तक ग्रामसभा का आयोजन किया जायेगा। इसके लिए कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा जिले की सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा ग्राम सभा का आयोजन हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को अपने स्तर से पीठासीन अधिकारी नियुक्त करने तथा समय-सारणी बनाकर ग्राम सभा की तिथि निर्धारित करने के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि एक ही दिनांक को ग्राम पंचायत के एक से अधिक ग्राम में उसी तिथि में ग्राम सभा का आयोजन न हो। इस प्रकार की व्यवस्था से सरपंच, सचिव सभी ग्रामसभाओं में अपनी उपस्थिति दे सकेंगे तथा ग्राम सभा का आयोजन ढंग से हो सकेगा। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए ग्रामसभा के आयोजन की जानकारी ग्राम पंचायत के प्रत्येक पदधारी सरपंच तथा पंचों को दी जाये, जो अपने क्षेत्र के सदस्यों को ग्राम सभा में उपस्थित कराने के लिए उत्तरदायी होंगे। पंचायतों के द्वारा ग्राम सभा सम्मेलन की सूचना सार्वजनिक स्थल, सहगोचर स्थानों पर चस्पा कर तथा मुनादी कराकर सभी ग्राम सभा सदस्यों को दी जाये। साथ ही ग्राम सभा की कार्यवाही सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराने तथा ग्राम सभा के लिए गये निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग की जाये और वीडियो को ''ग्राम सभा निर्णय'' मोबाईल एप्प में अपलोड करायें तथा ग्राम सभा के गतिविधियों को वाइब्रेट ग्राम सभा पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड कराने एवं निर्धारित प्रपत्र में प्रतिवेदन कार्यालय कलेक्टर पंचायत को 13 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिये गये हैं।


## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन 1 अक्टूबर को

**कांकेर** । वरिष्ठ नागरिकों के प्रति समाज में सम्मानजनक वातावरण का निर्माण उनकी समस्याओं का निराकरण तथा वरिष्ठ नागरिकों के अनुभवों को साझा करने प्रत्येक वर्ष 01 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस का आयोजन किया जाता है। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए सम्मान समारोह, कार्यषाला, सेमिनार, जागरूकता षिविरों का आयोजन वरिष्ठ नागरिकों के कल्याणार्थ कार्यरत शासकीय एवं अषासकीय संस्थाओं के सहयोग से कराने जाने के निर्देष सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को दिये गये हैं। उन्होंने उक्त अवसर पर जिले के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह, स्वास्थ्य जागरूकता षिविर, वरिष्ठ नागरिकों के वित्तीय संरक्षण संबंधी कार्यषाला, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 के संबंध में विषेषज्ञों द्वारा जानकारी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वरिष्ठ नागरिकों के अनुकूल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन अधीनस्थ कार्यालयों तथा स्वायत्त शासी संस्थाओं के माध्यम से कराये जाने के लिए निर्देषित किये हैं।

# भरोसे का सम्मेलन 4 अक्टूबर को रायगढ़ के कोड़ातराई में

### नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा मल्लिकार्जुन खड़गे व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आमसभा को करेंगे संबोधित





जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ के कोड़ातराई में आगामी 04 अक्टूबर को भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम में नेता प्रतिपक्ष राज्यसभा व सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल होंगे तथा आमसभा को संबोधित करेंगे। इसके साथ ही शासन के मंत्रीगण तथा अन्य अतिथि भी उक्त कार्यक्रम में समिल्लित होंगे। सम्मेलन में हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामग्री व प्रोत्साहन राशि का वितरण किया जाएगा। विभिन्न विभागों द्वारा

### कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने तैयारियों को लेकर अधिकारियों की ली बैठक



प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा आनी शेष है। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने मंच तथा बैठक व्यवस्था, हेलीपैड, पार्किंग, ट्रैफि क व रूट प्लान, लॉ एण्ड आर्डर को लेकर विस्तार से चर्चा की तथा इस संबंध में महत्वपूर्ण दिशा.निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत जितेन्दर यादव, डीएफ ओ धरमजयगढ़ ,अभिषेक जोगावत, अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, आयुक्त नगर निगम सुनील चंद्रवंशी, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट,जिला परिवहन अधिकारी दुष्यंत रायस्त सहित सभी एसडीएम, सीईओ जनपद व अन्य विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**महासमुंद** । हर वर्ष की तरह विगत 28 सितम्बर को विश्व रेबीज़ दिवस का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार विश्व रेबीज़ दिवस के उपलक्ष्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला कार्यक्रम प्रबंधक के मागदर्शन में नोडल अधिकारी एन.आर.सी.पी, जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट की उपस्थिति में शासकीय जी.एन.एम प्रशिक्षण केन्द्र महासमुंद में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नर्सिंग छात्राओं को रेबीज़ बीमारियों से बचाव तथा नियंत्रण की जानकारी प्रदाय की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जानकारी दी कि रेबीज़ जैसी घातक और संक्रामक बीमारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने और दुनिया भर में रोकथाम एवं नियंत्रण प्रयासों को बढ़ाने के उद्देश्य से सन् 2007 से एवं 28 सितम्बर को लुई पाश्चर की पुण्य तिथि पर हर वर्ष विश्व रेबीज़ डे मनाया जाता है। इतिहास के अनुसार लुई पाश्चर के कार्यों को रेबीज़ और एंथ्रेक्स के टीकों के डेवलेपमेंट के माध्यम से लाखों लोगों की जान बचाने का श्रेय दिया जाता है और उन्हीं को विश्व रेबीज़ दिवस के जनक के रूप में माना जाता है। रेबीज के टीके समस्त शासकीय चिकित्सालयों में निःशुल्क उपलब्ध है।

## एक नजर

### जिले में 1231.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 29 सितम्बर तक 1231.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 7.4 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1221.6 मिली मीटर, पुसौर में 1295.7, खरसिया में 1205.7, घरघोड़ा में 1213.1, तमनार में 1118.6, लैलूंगा में 1205.5, मुकडेगा में 1323.8, धरमजयगढ़ में 1291.9, छाल में 1149.5 एवं कापू में 1290.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### अस्थाई फटाका लायसेंस के लिए आवेदक 5 अक्टूबर तक कर सकते आवेदन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

दीपावली पर्व की दृष्टि से अस्थाई फटाका लायसेंस बनवाने के इच्छुक आवेदकों से 5 अक्टूबर 2023 तक आवेदन के माध्यम से स्वीकार किये जायेंगे। आवेदक ऑनलाईन आवेदन कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोक सेवा केन्द्र से कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन के पश्चात आवेदक ऑनलाईन की पावती, आधार कार्ड, पैनकार्ड की छायाप्रति, साईट मैप, स्वयं का 01 पासपोर्ट कलर फोटो एवं 600 रुपये का चालान 0070.अन्य प्रशासकीय सेवाएं 60-अन्य, प्राप्तियां, 103.विस्फोटक पदार्थों के लिए,शीर्ष में जमा कर चालान की प्रति लायसेंस शाखा में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जायेंगे।

### रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र का वितरण हुआ, शेष का वितरण नगरपालिका सारंगढ़ के रोशन यादव करेंगे

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

सहायक संचालक कौशल विकास पुरूषोत्तम स्वर्णकार के नेतृत्व में इंडोर स्टेडियम सारंगढ़ में करीब 600 रोजगार पंजीयन एवं नवीनीकरण प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। जिन आवेदकों ने आवेदन जमा किया था, जो आवेदक प्रमाण पत्र लेने नहीं आ पाए, वे नगरपालिका कार्यालय सारंगढ़ के रोशन यादव से संपर्क कर प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे आवेदक जिनका प्रमाण पत्र नहीं मिला वे जिला रोजगार अधिकारी रायगढ़ रामजीत राम से मोबाइल नंबर 9424184279 पर संपर्क कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि कई आवेदकों ने आवेदन पत्र के साथ संबंधित अंकसूची व प्रमाण पत्र संलग्न नहीं किए थे। जिस कारण उनके रोजगार पंजीयन प्रमाण पत्र नहीं बन पाए।

### वार्ड ब्वॉय की सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थियों की अंतिम चयन सूची जारी

**कांकेर** । शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर की चयन समिति द्वारा दावा आपत्ति निराकरण उपरांत वार्ड ब्वाय पद हेतु अंतिम चयन परिणाम मेरिट सूची, चयन सूची, प्रतीक्षा सूची एवं नियुक्ति आदेश जारी की गई है। कांकेर जिले की वेबसाईट www.kanker.gov.in से अंतिम चयन परिणाम मेरिट सूची, चयन सूची तथा प्रतीक्षा सूची का अवलोकन किया जा सकता है। अभ्यर्थियों को नियुक्ति आदेश पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित किया जा रहा है। नियुक्ति आदेश पंजीकृत डाक के माध्यम से प्राप्त न होने की दशा में अंतिम चयन परिणाम के साथ आदेश प्रसारण की तिथि से 15 दिवस के भीतर संयुक्त संचालक सह अस्पताल अधीक्षक, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध चिकित्सालय कांकेर के समक्ष अपनी उपस्थिति दे सकते हैं, समय-सीमा उपरांत उपस्थिति मान्य नहीं की जायेगी।

### कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की लगाई गई ड्यूटी

**कांकेर** । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला द्वारा गणेत्षोसव के अंतिम दिवस पर भगवान गणेश जी मूर्तियां विसर्जन के अवसर पर कानून एवं लोक शांति सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी कांकेर श्री मनीष साहू उक्त अवसर पर कानून व्यवस्था के संपूर्ण प्रभार में रहेंगे। नायब तहसीलदार सरोना श्री संजय कुमार राय को लट्टीपारा, शांति नगर, एमजी वार्ड, टिकरापारा, नया बस स्टैण्ड, बरदेभाठा, कोदाभाठ, मेलाभाठा के गणेश मूर्तियों का विसर्जन हेतु निकलने वाली झॉकियां के साथ मेलाभाठा तालाब में विसर्जन हेतु ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार नायब तहसीलदार कांकेर श्री विकास कुमार जैन को अलबेलापारा तालाब में विसर्जन होने वाली सभी गणेष झॉकी, शोभा यात्रा के साथ पुराना बस स्टैण्ड, मस्जिद चौक, राजापारा, सुभाष वार्ड, सिंधी धर्मषाला मार्ग, मांझापारा आदि मुख्य मार्ग सहित, तहसीलदार कांकेर श्री अभिषेक देवांगन को अलबेलापारा तालाब में विसर्जित होने वाली समस्त गणेष झॉकी, शोभा यात्रा के साथ घड़ी चौक, अलबेलापारा, सेन चौक, माहुरबन्द पारा, जवाहर वार्ड, अन्नपूर्णापारा, ऊपर-नीचे रोड आदि मुख्य मार्ग हेतु तथा डिप्टी कलेक्टर सुश्री आस्था बोरकर की ड्यूटी शीतलापारा, आदर्ष नगर, षिवनगर, भण्डारी पारा, संजय नगर, श्रीरामनगर, आमापारा, बीटीआई मार्ग की गणेष झॉकी, शोभा यात्रा के साथ मरादेव तालाब में मूर्तियां विसर्जन हेतु लगाई गई है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत आयकर परिसर में संगोष्ठी आयोजित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**आयकर कार्यालय रायगढ़ में शुक्रवार प्रात: 10 बजे कार्यालय एवं आवासीय परिसर में आयकर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा साफ-सफाई कर स्वच्छता ही सेवा अभियान का आगाज किया गया।**

स्वच्छता अभियान के पश्चात कार्यालय प्रांगण में एकल प्लास्टिक समस्या एवं निदान विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में डॉक्टर सुषमा पटेल प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र, शासकीय किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय एवं जिला समन्वयक रेड क्रॉस सोसाइटी रायगढ़,राजश्री अग्रवाल अधिवक्ता एवं सदस्य जिला उपभोक्ता फ ोरम रायगढ़ तथा आयकर सलाहकार संघ रायगढ़ के अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थित रही। सर्वप्रथम अतिथियों को पौधा देकर स्वागत अभिनंदन के पश्चात आयकर अधिकारी सुजीत विश्वास ने स्वागत सम्बोधन के साथ कहा कि एकल प्लास्टिक उपयोग की समस्या धीरे-धीरे विकराल रूप लेती जा रही है सही समय पर इसका निदान होने से ही पर्यावरण की सुरक्षा हो सकती है। उन्होंने आयकर विभाग द्वारा पर्यावरण सुरक्षा के लिए चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. सुषमा पटेल ने संगोष्ठी में इस विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि प्लास्टिक क्या है एवं यह किस प्रकार से पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है इस एकल प्लास्टिक के उपयोग से समुद्र




जीव जंतु धीरे-धीरे खत्म होते जा रहे हैं एवं प्लास्टिक कचरे के भंडारण से भूमि बंजर होती जा रही है इससे भूमि की उर्वरा शक्ति नष्ट हो जाती है। यदि प्लास्टिक कचरे को जलाया जाता है तो हानिकारक गैस उत्पन्न होती हैं जो की मानव के स्वास्थ्य को हानि पहुंचाने के साथ-साथ पर्यावरण के लिए भी बहुत ही घातक है उन्होंने बताया कि 100 से अधिक देशों में यह प्लास्टिक प्रतिबंधित है और 27 देशों में धीरे धीरे इसका उपयोग काम किया जा रहा है। भारतवर्ष में भी शासन द्वारा 1 जुलाई 2022 से इसके उत्पादन विक्रय उपयोग और वितरण पर प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने इस संदर्भ में शासन द्वारा लगाए गए कई नियम एवं प्रतिबंधों की जानकारी देते हुए बताया कि हम स्वयं दृढ़ संकल्प लें कि हम एकल प्लास्टिक या प्लास्टिक के उपयोग को कम करेंगे साथ ही अपने आसपास के लोगों को भी इसके हानिकारक प्रभाव से अवगत कराते हुए इससे बचने के लिए प्रेरित करेंगे और अपने पर्यावरण की रक्षा करेंगे। हमें प्लास्टिक के वैकल्पिक साधन जैसे लकड़ी के चम्मच,मिट्टी के बर्तन, कपड़े एवं जूट तथा कागज के थैले इत्यादि चीजों का उपयोग ज्यादातर करते हुए धीरे-धीरे प्लास्टिक को खत्म करना होगा । आयकर सलाहकार संघ रायगढ़ के सचिव हीरा मोटवानी ने संगोष्ठी में अपने विचार रखते हुए बताया कि एकल प्लास्टिक का उपयोग पर्यावरण के लिए घातक है। इसका पुनर्चक्रण ना हो पाने के कारण यह पारिस्थितिक तंत्र के संतुलन को बिगाड़ देता है। उन्होंने बताया कि धीरे-धीरे जमीन पर प्लास्टिक कचरे का भंडार बढ़ता जा रहा है जिसे नष्ट कर पाना और पूरी तरह से पुनः चक्रण न कर पाना एक गंभीर समस्या है। इस प्लास्टिक से कई जानवर गंभीर रूप से बीमार पड़कर धीरे-धीरे मृत्यु को प्राप्त हो जाते हैं। पर्याप्त चारा के अभाव में खाद्य पदार्थों से सनी हुई प्लास्टिक का सेवन इन मवेशियों के साथ उसका दूध उपयोग करने वाले मनुष्यों के लिए भी घातक है। हमें फैशन को ना देखते हुए पारंपरिक रूप से जूट या कपड़े के थैली का उपयोग करना चाहिए। जिला उपभोक्ता फोरम की महिला सदस्य एवं अधिवक्ता राजश्री अग्रवाल ने संगोष्ठी में अपने विचार रखते हुए बताया कि प्लास्टिक का उपयोग जानवरों के साथ.साथ मनुष्यों के लिए भी घातक है क्योंकि ज्यादातर प्लास्टिक में गर्म भोज्य पदार्थ रखे जाते हैं जिससे हानिकारक रसायन उत्पन्न होते हैं और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते है एवं कैंसर जैसी असाध्य बीमारियों को जन्म देते है अत: हमें एकल प्लास्टिक के उपयोग से बचते हुए परंपरागत साधनों से बने हुए वस्तुओं का उपयोग करना चाहिए।

*संगोष्ठी के पश्चात अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। आज के संगोष्ठी में एवं आयकर विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारीगण, एन स्मिता आयकर निरीक्षक, जयंत भोय कार्यालय अधीक्षक, कमल नयन कर सहायक,संतू राम यादव, सतीश साव,हुकुम सिंह निषाद, शंकर साहू, दिलीप एवं शासकीय किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के छात्राओं ने भाग लिया। संगोष्ठी का संचालन आयकर निरीक्षक देवनारायण नायक द्वारा किया गया।*

# जश्ने ईद मिलादुन्नबी बड़े ही शानो शौकत के साथ मनाया गया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।





पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम के जन्मदिन को बड़े ही शान वो शौकत के साथ मनाया गया जश्न सुबह फज्र की नमाज के बाद से ही शुरू हो गया था युवाओं एवं बच्चों के द्वारा घरों एवं मोहल्लों को सजाया गया, एवं मस्जिदों में भी विशेष नमाज अदा की गई मुस्लिम जमात भेड़ीमुडा बड़ी बाजार के मुस्लिम भाई ईमामबाड़ा भेडीमुड़ा से जुलूस की शक्ल में निकलकर महामाया चौक पहुंचे वही करैहापारा से जुलूस निकाल कर महामाया चौक पहुंचे जगह-जगह जुलूस का स्वागत किया गया एवं शरबत और मिठाइयां बांटकर पैगंबर साहब को याद करते हुए नाते पढ़ी गई। महामाया चौक में एक दूसरे से ईद मिलादुन्नबी की खुशियां बांटते हुए गले मिले और एक विशाल जुलूस की शक्ल में बड़ी बाजार,नुतन चौक,बनियापारा,हाई स्कूल चौक होते हुए मदारबाड़ा पहुंचकर फ ।थिया खानी करने के बाद देश और प्रदेश की खुशहाली एवं अमन चैन की दुआएं मांगी गई व जुलूस का समापन किया गया। वही हजरत इज्जत शाह रहमतुल्ला अलैह के मजार पर दोपहर 1 बजे से आम लंगर का भी ऐहतमाम किया गया था जिसमें आस-पास के गांव सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंच कर लंगर में बैठकर खाना खायें और बाबा साहब की दुआओं से फैज याब हुए।

# सारंगढ़ में स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर संपन्न



जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

सारंगढ़ के अग्रसेन भवन में जिला रेडक्रॉस सोसाइटी एवं स्वास्थ्य समिति के साथ-साथ समाजसेवी व्यक्तियों के सहयोग से स्वास्थ्य एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें कई व्यक्तियों ने अपना इलाज कराया और रक्तदान किया। शिविर में दवा वितरण एवं भोजन की व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर बीएमओ सारंगढ़ डॉ.सिदार सहित अन्य चिकित्सकगण उपस्थित थे।






# आखिर क्यों नजर नहीं आ रही प्रशासन को ग्रामीणों की समस्या

## आखिर क्यों ग्रामीण चुनाव बहिष्कार की रट लगा रहे है

जोहार छत्तीसगढ़ बलौदाबाजार




जिला बलौदा बाजार के विकास खंड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत नयापारा के पांच गांवो के सरपंच सकरी,करेली भैसा नयापारा सतभवाके नेतृत्व में किसान मजदूर महिला एवम छात्राओं ने हथबंद से बलौदा बाज़ार रोड को जाम किया जानकारी बता दे की बीते 5 दिनों से लगातार धरना प्रदर्शन में थे जिसमे कोई भी शासन प्रशासन का अधिकारी नही पहुंचे और नही कोई जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए जिससे आक्रोसित रूप में जानकारी देते हुये ग्रामीणों ने कहा की आज की आज रोड और पुलिया की भूमि पूजन करने की बात में अड़े रहे साथ ही, आवा गमन में रुकावट पैदा होता देख शासन प्रशासन की टीम सिमगासे एस डी एम,नायब तहसीलदार साथ में सिमगा,सुहैला थाना प्रभारी पूरी फोर्स के साथ समझाइश देने की कोशिश की जिसमे प्रदर्शनी कारीयो ने एसडीएम,नायब तहसीलदार सिमगा को नकारते हुए ।एक स्वर में कलेक्टर साहब को सामने आने की बात करते हु साफ साफ इंकार कर दिया गया द्य जिससे सभी अधिकारी को वापस होना पड़ा अब देखना यह होगा की क्या कलेक्टर साहब आते है,भूमि पूजन को या करते है या फिर रोड खाली कराने में क्या योजना बनाती है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में महिला व पुरूष पहलवानों का हुआ चयन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता स्कूल गेम्स में 6 पुरुष एवम महिला पहलवानों का चयन हुआ। जिसमें जानवी विश्वकर्मा कक्षा 9वीं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रतनपुर,सुभद्रा यादव एनपीएस,कृष्णकांत यादव एनपीएस,वेदांत कश्यप एवं नूतन सोनी पवन कुमार धीवर नवागांव खुटाघाट मिडिल स्कूल सिद्धार्थ गवाही रानीगांव स्कूल से चयन हुआ। उक्त सभी पहलवान मां महामाया की नगरी रतनपुर के अखाड़ा सिद्ध पीठ गिरजावान हनुमान मंदिर से 1अक्टूबर को मध्य प्रदेश के लिए रवाना होंगे ।

### शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करने वाला आरोपी युवक गिरफ्तार

**बेमेतरा।** प्रार्थीया ने थाना बेमेतरा में लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज करायी कि दिनांक 20.04.2018 से 19.06.2023 तक आरोपी विरेन्द्र मिरे द्वारा शादी का प्रलोभन देकर और उसके बाद शादी के नाम पर धोखा देकर कई बार अलग-अलग जगह में शारीरिक संबंध बनाया की रिपोर्ट पर थाना बेमेतरा में अपराध सदर धारा 376, 376(2)(एन) भादवि कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में आरोपी पतासाजी विवेचना के दौरान आरोपी विरेन्द्र मिरे के द्वारा माननीय न्यायालय में आत्म समर्पण करने पर आरोपी का फार्मल गिरफ्तारी करने अनुमति प्राप्त कर, प्रकरण में आरोपी के द्वारा साक्ष्य विलोपित करना पाये जाने पर प्रकरण में धारा 201 भादवि जोडा गया। पुलिस चौकी मारो क्षेत्रांतर्गत रहने वाला आरोपी विरेन्द्र मिरे पिता मोहन लाल मिरे उम्र 35 साल को दिनांक 27.09.2023 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन पर थाना बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा, सउनि रेशम लाल भास्कर, प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, गोपाल ध्रुव, महिला प्रधान आरक्षक बालमती नायक, आरक्षक लव कुमार यादव व अन्य स्टाफ का सराहनीय भुमिका रही।



### 1 अक्टूबर को ग्राम अमझर में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

#### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर होगा स्वास्थ्य शिविर एवं वृद्धजनों का सम्मान समारोह

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

कलेक्टर डॉ. फ रिहा आलम सिद्दीकी के निर्देश में समाज कल्याण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सियान के सुरता थीम पर जनपद पंचायत सारंगढ़ के ग्राम पंचायत अमझर में 01 अक्टूबर 2023 को अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर, कार्यशाला, सेमीनार, खेल गतिविधियां एवं वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर शत्प्रतिशत मतदान हेतु शपथ संकल्प भी कराया जाएगा।

### गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**महासमुंद ।** राज्य शासन द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए सोमवार 02 अक्टूबर को गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। जिसके फलस्वरूप उक्त शुष्क दिवस में जिले की समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट, प्रीमियम मदिरा की फुटकर दुकानों, एफएल. 3 सपना बार एण्ड रेस्टोरेंट तथा मद्य भंडागार पूर्णतः बंद रहेगी।

# डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति को वर्ल्ड्स ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड में स्थान मिला'

जोहार छत्तीसगढ़

**बेमेतरा।** हरफनमौला साहित्य लेखक डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति का नाम वर्ल्ड्स ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड में दर्ज कर वर्ल्ड ग्रेट डीड्स अवार्ड प्रदान किया गया है। साहित्य एवं लेखन के क्षेत्र में उनकी असाधारण उपलब्धि को प्रतिष्ठित करने के उद्देश्य से उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया है। उल्लेखनीय है कि उनकी 49 पुस्तकें प्रकाशित होते ही वर्ल्ड्स ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड द्वारा अगस्त 2023 में अपने रिकॉर्ड में स्थान प्रदान किया गया था। वर्तमान में डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति की 50 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। इसमें 31 काव्य संग्रह, 10 कहानी संग्रह, 7 लघुकथा संग्रह एवं 2 उपन्यास शामिल हैं। इसके अलावा 12 साझा काव्य संग्रह भी प्रकाशित हो चुके हैं।

इस हेतु वर्ल्ड्स ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड द्वारा उत्काशय का प्रमाणपत्र, ट्रॉफी, मेडल, आई-कार्ड, स्टीकर इत्यादि प्रदान किया गया है। मस्तूरी-बिलासपुर निवासी डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति वर्तमान में छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग में उप संचालक हैं। वे छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के संस्थापक एवं प्रदेशाध्यक्ष भी हैं।

उल्लेखनीय है कि श्रेष्ठ लेखक के रूप में विश्व रिकॉर्ड में दर्ज तथा देश के 100 महान व्यक्तित्व में शामिल डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति को वर्ष 2022-23 का प्रतिष्ठित भारत भूषण सम्मान, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड, अमेरिकन एक्सीलेंट अवार्ड, बेस्ट पोएट ऑफ दी ईयर 2023 तथा नव्या फाउण्डेशन पश्चिम बंगाल द्वारा राष्ट्रीय साहित्य शिरोमणि सम्मान भी प्रदान किये गये हैं।



World Great Deeds Award

Certificate

Dr. Kishan Tandon Kranti

Has been recognized and appreciated for the outstanding contribution being made in the field of Writing and Literature. He has a total of 49 published works including 30 Collection of Poems,10 Collection of stories, 7 short stories collection and 2 novels. Apart from this 12 common Poetry Collections have also been published. His mostly written pieces are generally inspired from the societal problems and its awareness. He has been writing tirelessly to educate society for better. The World Great Deeds Award, powered by World's Greatest Record, goes to him for his amazing talent and hard work.

S. No. - WGDA1052 Issuance : 10 Sep. 2023

The LIT Foundation

Mr. K. Kaushik Adjudicator

www.worldgreatestrecord.com

डॉ. किशन टण्डन क्रान्ति की इस उपलब्धि पर उन्हें परिजनों सहित अनेक विख्यात हस्तियों ने बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। इसमें साहित्य जगत के डॉ. आर.पी. टण्डन, डॉ. प्यारेलाल आदिले, डॉ. स्वामीराम बंजारे, शिरोमणि माथुर, जुगेश बंजारे धीरज, मणिशंकर दिवाकर गदगद, गणेश्वर आजाद गँवईहा, डॉ. गोवर्धन मार्शल, सुरजीत क्रान्ति, तिलक तनौदी स्वच्छन्द, मनोज खांडे मन, डॉ. मदन लाल कुर्रे, डॉ. विकास कोशले, बेदराम जाटवर वेदांज, राजेंद्र गेंदले, अश्वनी कोसरे प्रेरक, सुखदेव सिंह अहिलेश्वर, डॉ. यशपाल सिंह निराला, कामिनी पुरेना, कौशिल्या खुराना, डॉ. श्यामा कुर्रे, देव मानिकपुरी, टी.विजया लक्ष्मी, सुचित्रा सामंत सिंह, नवीन कुमार कुर्रे, बुंदराम जांगड़े, कार्तिक पुराण घृतलहरे, डॉ राखी कोर्राम, डॉ. मीराआर्ची चौहान, सेवकराम निषाद, कु. गरिमा पोयाम, सुरेश कुमार चन्द्रा, पुष्पराज अनंत, अशोक बंजारे, रमेश कुमार टण्डन, उषा पाटले, सुनीता जांगड़े, मनोज डागा, रामायण प्रसाद सूर्यवंशी, कमलेश कमल, डॉ. कुंज किशोर, मंजू कुंज, गणेश महंत नवलपुरिहा, अनिल मौर्य अनल, सशक्त हस्ताक्षर के प्रधान संपादक मनोज जायसवाल, डॉ. राखी कोर्राम, छत्तीसगढ़ कलमकार मंच के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यगण सहित समाजसेवियों में एस कुमार मनहर, के.के. निरनेजक, मालिक राम घृतलहरे, कृष्ण कुमार पटवर्धन, रीना बिकास दास, डी.पी. दुबे, धर्मेश बंजारे तथा अन्य गणमान्य नागरिक प्रमुख हैं।

# 5 करोड़ की लागत से तैयार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कें अफसरों ,ठेकेदारों की जुगलबंदी से चढ़ीं भ्रष्टाचार की चढ़ी भेट, हर साल मेंटेनेंस के खर्चे में भी गोलमाल

## 5 साल की गारंटी वाली सड़क 2 साल में उखड़ी, औराई -तुमान -चिकनीपाली मार्ग दो साल भी नहीं टिकी, जगह जगह उखड़ रही सड़क

जोहार छत्तीसगढ़

**छत्तीसगढ़/कोरबा।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाय ) के बैच क्र 1 के तहत अकांक्षी जिला कोरबा में तैयार सड़कें भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। हालात ऐसे हैं ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें संधारण (मरम्मत) अवधि की आधी मियाद में ही उखड़ने लगी हैं। टी 04 से औराई चिकनीपाली व्हाया फतेगंज तक 5 करोड़ 3 लाख 75 हजार की लागत से तैयार 8.90 किलोमीटर सड़क में चिकनीपाली धान उपार्जन केंद्र के समीप का सड़क पूरी तरह उखड़ गया है। अफसरों एवं ठेकेदारों की जुगलबंदी से मरम्मत अवधि में भी सड़कों के मरम्मत की अनदेखी गुणवत्ताहीन सड़क निर्माण से आहत ग्रामीणों ने कलेक्टर से जिम्मदारों पर उचित कार्रवाई कर तत्काल मरम्मत कराए जाने का अनुरोध किया है।

### 5 साल की गारंटी वाली सड़के 2 साल में ही उखड़ गई

मेसर्स आर .के .ट्रांसपोर्ट एंड कंस्ट्रक्शन लिमिटेड कोरबा द्वारा 15 जनवरी 2022 को तैयार सड़क का संधारण कार्य ऑन द रिकार्ड 11 मार्च 2022 से 10 मार्च 2027 तक(5 वर्ष) की है। लेकिन इसके बावजूद फर्म द्वारा कई पेंच में उखड़ रही सड़क का मरम्मत करने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई जा रही। निश्चित तौर पर सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत का कार्य 15 अक्टूबर (अधिकृत वर्षाकाल ) के बाद ही होता है लेकिन निर्माण के दौरान गुणवत्ता हीन सामग्रियां प्रयुक्त करने की वजह उखड़ रही सड़क की सुध लेना तक विभाग के अधिकारी मुनासिब नहीं समझ रहे। जिसकी वजह से मार्ग से आवागमन करने वाले ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। शीघ्र सुधार नहीं होने की दशा में करीब दो माह बाद शुरू होने वाले धान खरीदी अभियान के कार्य में ट्रैक्टर से धान बिक्री करने वाले किसानों की मुसीबतें बढ़ जाएंगी।



### ग्रामीणों ने कलेक्टर से लगाई जांच मरम्मत की गुहार

### हुआ है भ्रष्टाचार ,कलेक्टर करवाएं जांच ,कराएं तत्काल मरम्मत

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क निर्माण कार्य में भारी भ्रष्टाचार किया गया है ,सड़क दो साल भी नहीं टिकी ।ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। धान खरीदी के दौरान समस्या और बढ़ जाएंगी। कलेक्टर सर से अनुरोध है कि प्रकरण की त्वरित जांच कराएं।

### सड़क बनने के बाद इंजीनियर झांकने तक नहीं आए

सड़क बनाने मात्र से विभाग को सरोकार है। इंजीनियर ,अधिकारी देखने तक नहीं आए ।आवागमन में परेशानी हो रही ,शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो कलेक्टोरेट कूच करेंगे। क्लेक्टर सर से अनुरोध है कि मामले की जांच करवाएं।

### जुगलबंदी से संधारण राशि का हो रहा बंदरबाट

पीएमजीएसवाय के सड़कों की संधारण (मरम्मत) अवधि 5 वर्ष की रहती है। सड़क के निर्माण राशि के अनुपात में मरम्मत के लिए भी एक निश्चित राशि भी तय रहती है। लेकिन ठेकेदार और अफसरों की जुगलबंदी से पिछले 2 साल में बने सड़कों में भ्रष्टाचार की परतें उखड़ने लगी है। मेसर्स आर .के. टी सी .कोरबा की औराई -चिकनीपाली -फतेगंज ही नहीं 3 करोड़ 45 लाख 42 हजार की लागत से तैयार बरपाली -तुमान 4 .30 किलोमीटर सड़क भी बेहद गुणवत्ताहीन है । सलिहाभांठा -पकरिया के समीप सड़क कई हिस्सों में उखड़ गया था ,जिस पर लीपापोती की परतें चढ़ाई गई थीं,वर्तमान में भी सड़क की साइड शोल्डर कई पेंच में उखड़ रही हैं। 4 करोड़ 40 लाख की लागत से तैयार 8 .50 किलोमीटर भैसमा रिंगरोड मार्ग में भी गुणवत्ता की अनदेखी साफ झलक रही है। मेसर्स डी.सी.कंस्ट्रक्शन द्वारा बालको से गढ़ उपरोड़ा व्हाया सतरेंगा तक 23 करोड़ 37 लाख 9 हजार की लागत से 10 फरवरी 2022 को तैयार 37 किलोमीटर सड़क में भी गुणवत्ता की अनदेखी साफ झलक रही है। कई जगह सड़कें टूट रही है। साइड शोल्डर निर्माण के 6 माह में भी उखड़ गई थीं। मेसर्स सुनील कुमार अग्रवाल द्वारा 19 करोड़ 33 लाख की लागत से तैयार सूतर्रा से तिलवारीपारा व्हाया डोंगरी -बसंतपुर मदनपुर से बिंझरा व्हाया सगुना ,तानाखार से बिंझरा व्हाया सगुना,तानाखार से बिंझरा व्हाया बरतराई डोंगातराई भांवर ,पसान पिपरिया से खोडरी व्हाया कुम्हारीसानी तक की सड़क भी बेहद चर्चित रही है। मेसर्स आर .के. टी सी .कोरबा की उड़ता -करतला पुटा ,चैतमा से टिवरता की सड़कें भी उखड़ रही है।

> "अंडर मेंटेनेंस पिरेड में हैं ,जल्द करेंगे सुधार,सड़कें मरम्मत अवधि के भीतर हैं ,वर्षाकाल समाप्त होते ही तकाल मरम्मत कराएंगे । गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा गया है।
>
> सन्तोष नाग ,ईई पीएमजीएसवाय

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in